**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 89 लखनऊ, गुरुवार 14 नवंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## कांग्रेस पर अमित शाह का तंज, बोले– सोनिया जी, आपके राहुल विमान का 21वीं बार भी क्रैश होना तय

एजेंसी।

नई दिल्ली गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया और औरंगजेब द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भी निर्माण करवाया। अब आप गुजरात आने की तैयारी कर लेना, क्योंकि सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के बहाने कांग्रेस पर जमकर निशाना साध ।ा है। जिंतूर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि सोनिया जी ने राहुल बाबा नाम के विमान को 20 बार उतारने की कोशिश की, लेकिन बीसों



बार विमान 'क्रैश' हो गया। अब फिर से विमान को 21वीं बार महाराष्ट्र में उतारने की कोशिश की जा रही है। सोनिया जी, आपका राहुल विमान 21वीं बार भी क्रैश होने जा रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इसका एक बार फिर क्रैश होना तय है। शाह ने कहा कि अभी–अभी राहुल बाबा की पार्टी कांग्रेस और उनके साथियों ने कश्मीर में प्रस्ताव पारित किया है कि हम कश्मीर में धारा 370 को वापस लेकर आएंगे। राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो, आप तो क्या आपकी चौथी पीढ़ी धारा 370 को वापस नहीं ला सकती। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह जी हमारे देश के अर्थतंत्र को 11वें नंबर पर छोड़ कर गए थे, मोदी जी ने 10 साल के भीतर ही देश के अर्थतंत्र को 5वें नंबर पर लाने का काम किया है। मैं आपसे वादा करता हूं कि मात्र 2 साल में यानी 2027 तक हम विश्व का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएंगे।गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी ने राम मंदिर बनवाया और औरंगजेब द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का भी निर्माण करवाया। अब आप गुजरात आने की तैयारी कर लेना, क्योंकि सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। उन्होंने कहा कि अघाड़ी की सरकार ने 4 हजार करोड़ की मराठवाड़ा जलग्रिड योजना को रोक दिया था। इसके कारण अकालग्रस्त मराठवाड़ा को पानी नहीं मिल पाता था। 2019 में हमारे नेता देवेंद्र फडणवीस जी ने इस योजना को आगे बढ़ाने का काम किया था। लेकिन उद्धव जी की सरकार आते ही इसे फिर रोक दिया गया था। लेकिन मैं कहकर जाता हूं कि यहां के हर खेत में पानी पहुंचाने का काम हमारी महायुति सरकार करेगी। अमित शाह ने कहा कि हम तो शिवाजी महाराज के रास्ते पर चलने वाले लोग हैं ।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद योगी सरकार पर अखिलेश का तंज, बोले- अब गैराज में खड़ा हो जाएगा बुलडोजर

संवाददाता।

लखनऊ कन्नौज के सांसद कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित कर रहे थे, जो उत्तर प्रदेश की उन नौ सीटों में से एक है जहां 20 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। यूपी में उपचुनाव को लेकर वार–पलटवार की राजनीति तेज है। बुलडोजर मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पर कटाक्ष किया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि बुलडोजर अब गैराज में ही रहेगा। कन्नौज के सांसद कानपुर के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित कर रहे थे, जो उत्तर प्रदेश की उन नौ सीटों में से एक है जहां 20 नवंबर को उपचुनाव होने हैं। यूपी में उपचुनाव को लेकर वार–पलटवार की राजनीति तेज



है। अखिलेश यादव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीजेपी सरकार का प्रतीक बन चुके बुलडोजर के खिलाफ टिप्पणी की है। सरकार के खिलाफ इस फैसले के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने तंज भरे लहजे में कहा कि जो घर तोड़ना जानते हैं उनसे आप क्या उम्मीद कर सकते हैं? कम से कम आज तो उनका बुलडोजर गैराज में खड़ा रहेगा, अब किसी का घर नहीं टूटेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ इससे बड़ी टिप्पणी क्या हो सकती है? हमें कोर्ट पर पूरा भरोसा है, एक दिन हमारे वि ।ायक रिहा होंगे और हमारे बीच आएंगे और पहले की तरह काम करेंगे। यादव ने कवि प्रदीप की उन पंक्तियों का भी जिक्र किया जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में शामिल किया था। पंक्तियाँ इस प्रकार हैं ष्हर कोई एक घर का सपना देखता है,

## सीतारमण ने रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री से मुलाकात की

नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सीतारमण और मंटुरोव ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा, ''उन्होंने दोनों देशों के बीच वित्तीय और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने



दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि सीतारमण और मंटुरोव ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने कहा, ''उन्होंने दोनों देशों के बीच वित्तीय और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के उपायों पर विचारों का आदान–प्रदान किया।

## कैंसर पीड़ित के बेटे ने इलाज करने वाले डाक्टर को चाकू मारा

, t l hA

चेन्नई लिस आयुक्त ए अरुण ने कलैग्नार सेंटेनरी अस्पताल का दौरा किया जहां यह घटना हुई थी। अरुण ने संवाददाताओं से कहा कि हम सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने आए हैं। हम (अधि ।कारियों के साथ) निर्देश देंगे और चर्चा करेंगे कि उनकी (डॉक्टरों की) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे। यह पहली घटना है, हम घटना की समीक्षा करेंगे और आपको आगे के अपडेट बताएंगे। चेन्नई पुलिस उस अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर रही है जहां एक डॉक्टर को कैंसर रोगी के बेटे ने चाकू मार दिया था। एक वरिष्ठ



पुलिस अधिकारी ने कहा कि वे चर्चा करेंगे कि डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किए जाने की आवश्यकता है। चेन्नई के पुलिस आयुक्त ए अरुण ने कलैग्नार सेंटेनरी अस्पताल का दौरा किया जहां यह घटना हुई थी। अरुण ने संवाददाताओं से कहा कि हम सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने आए हैं। हम (अधिकारियों के साथ) निर्देश देंगे और चर्चा करेंगे कि उनकी (डॉक्टरों की) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे। यह पहली घटना है, हम घटना की समीक्षा करेंगे और आपको आगे के अपडेट बताएंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी अपनी मां के इलाज के लिए अस्पताल आ रहा था। वह कोई नया व्यक्ति नहीं है. उनकी मां इलाज के लिए छह महीने से यहां हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह नशीली दवाओं का सेवन कर रहा होगा, हमें नहीं पता। अधिकारियों ने कहा कि मरीज की कई बार कीमो प्रक्रिया हुई थी और आरोपी को उसकी मां की स्थिति के बारे में बताया गया था। उन्होंने कहा कि विग्नेश्वरन नाम के आरोपी ने डॉ. बालाजी पर हमला किया, जो एक ऑन्कोलॉजिस्ट हैं। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आरोपी की मां ने उन्हें बताया कि उसे डॉक्टर पर हमला करने की अपने बेटे की किसी योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी।

## उत्तर प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर - केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार जनपद कानपुर देहात के अखण्ड परमधाम नंदिनी गौशाला सेवा समिति, मुक्तानगर, मूसानगर कानपुर देहात में 32वें भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन मद्भागवत कथा और शतचंडी महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में सरकार की उपलब्धियों व सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी, व मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश एवं प्रदेश लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हमारी सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं व लोगों के जीवनस्तर में गुणात्मक सुधार हो रहा है। मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत के संकल्प को लेकर लगातार आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान व विकास के बारे में लोगों को आश्वस्त किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण व भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## 71वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह–2024 कल से मनाया जायेगा

लखनऊ(आरएनएस)। 71वाँ अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह–2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन लि0 एवं इण्डियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लि0 के संयुक्त तत्वावधान में ''सहकारिता मंत्रालय की नई पहलों के माध्यम से सहकारी आन्दोलन को सशक्त बनाना'' विषय पर कल दिनांक 14 नवम्बर, 2024 को पूर्वाह्न 10:30 बजे लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह पी0सी0यू0 सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। गोष्ठी के मुख्य अतिथि सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे0पी0एस0 राठौर होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उ0प्र0 कोआपरेटिव यूनियन लि0 के अध्यक्ष सुरेश गंगवार द्वारा की जायेगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव सहकारिता एम0पी0 अग्रवाल तथा आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता विभाग वी0एन0 सिंह होंगे।

## ग्रामीण परिवारों को मनरेगा जॉब कार्ड जारी करने में उत्तर प्रदेश सबसे आगे

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में गांवों के चहुंमुखी विकास के कार्य निर्बाध गति से चल रहे हैं। ग्रामीण परिवारों को काम के लिए बाहर पलायन न करना पड़े, इसलिए ग्रामीण परिवारों को उनके गांव में ही मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध करायें जाने की मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। ग्रामीण परिवारों को नियमानुसार रोजगार दिया जा रहा है।ग्रामीण परिवारों को जॉब कार्ड जारी करने में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है।प्रदेश में अब तक 1,59,04,869 परिवारों को जॉब कार्ड जारी किये जा चुके हैं।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार और वंचित वर्गों के इच्छुक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। यह योजना बेरोजगारों और रोजगार की जरूरत वाले लोगों के लिए "काम करने के अधिकार" की गारंटी देता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का मजदूरी रोजगार प्रदान करके ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका को बढ़ाने का निरंतर प्रयास जारी है। प्रदेश में सीतापुर जनपद ने अब तक सबसे ज्यादा परिवारों को जॉब कार्ड जारी किये हैं। बता दें कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना के तहत स्थानीय ग्राम पंचायत में रजिस्ट्रेशन कराने वाले आवेदक को जारी किया जाने वाला दस्तावेज है।

## यूपी में होगा कई प्रदेशों की जनजाति संस्कृतियों का संगम–असीम अरुण

### 15 से 20 नवंबर तक चलेगा अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवम जनजाति कल्याण विभाग, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 से 20 नवंबर तक अंतरराष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव मनाया जाएगा। बिरसा मुंडा की जयंती (जनजातीय गौरव दिवस) पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में मेजबान राज्य समेत देश–विदेश की लोक संस्कृति उतरेगी। आयोजन का शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी करेंगे। इसमें स्लोवाकिया व वियतनाम के लोक कलाकारों द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत होगा।

''अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव'' से पूर्व लोक भवन स्थित मीडिया सेंटर में आयोजित कर्टेन रेजर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज कल्याण मंत्री, अनुसूचित जाति–जनजाति कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरांत 11 बजे से सांस्कृतिक समागम शोभायात्रा भी निकलेगी, जिसमें मेजबान उत्तर प्रदेश समेत अनेक राज्यों के कलाकार शामिल होंगे। प्रतिदिन शाम पांच से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इसमें सहरिया, बुक्सा आदि जनजाति के लोकनृत्य का भी अवलोकन किया जा सकेगा तो वहीं दूसरी तरफ जनजाति लोकवाद्यों को भी मंचीय प्रदर्शन होगा। पोथी घर में जनजाति साहित्य के पुस्तकों का भी अवलोकन कर सकेंगे।

## कृषि मंत्री ने किया लखनऊ जनपद के विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा बुधवार को खाद के भंडारण की स्थिति तथा किसानों को की जा रही आपूर्ति की स्थिति देखने के लिए जनपद के विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने साधन सहकारी समिति मलौली गोसाईगंज लखनऊ तथा साधन सहकारी समिति शिवलर, गोसाईगंज में भंडारण की स्थिति तथा आपूर्ति की व्यवस्था को देखा। उन्होंने विभिन्न खाद विक्रय केंद्रों पर आए हुए किसानों से बातचीत की तथा उन्हें भरोसा दिलाया कि खाद की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है इसलिए उन्हें आवश्यकता से अधिक भंडारण की जरूरत नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्वयं निगरानी कर यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक किसान को आसानी से खाद मिल सके। इस दौरान उनके साथ संयुक्त निदेशक अनिल पाठक तथा उपनिदेशक अनिल यादव उपस्थित रहे।

## उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा 165 नवीन प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करने के दिये गये निर्देश

लखनऊ(आरएनएस)। उ.प्र. राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलायें जाने के उद्देश्य से मा. अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा आज आयोग मुख्यालय लखनऊ पर महिला जनसुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान 10 प्रचलित प्रकरणों के साथ आयोग मुख्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये 16 पीड़ित आवेदिकाओंध्आवेदकों द्वारा दिये गये नवीन प्रार्थना पत्रों पर सुनवाई कर उनके निस्तारण के निर्देश दिये गये व साथ ही विभिन्न माध्यमों से आयोग कार्यालय में प्राप्त 165 नवीन प्रार्थना पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त आज मा. अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान के निर्देशानुसार प्रदेश के 21 जनपदों में क्रमशः देवरिया, उन्नाव, सीतापुर, शामली, मेरठ, बुलन्दशहर, बिजनौर, औरैया, मऊ, झांसी, लखीमपुर खीरी, हाथरस, सोनभद्र, फतेहपुर, बरेली, पीलीभीत, ललितपुर, संतकबीरनगर, कौशाम्बी, कासगंज व बदायूं में आयोग की मा. उपाध्यक्ष एवं मा. सदस्यों के द्वारा भी मिशन–शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं की जानकारी, विंभन्न महिला गृहो एवं आगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की उक्त जनपदों के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ महिला जनसुनवाईइ समीक्षा बैठक कर पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

## पीडीए से मुख्यमंत्री के पेट में दर्द हो रहा है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कानपुर के सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबन्ध ।ान की प्रत्याशी नसीम सोलंकी के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने नसीम सोलंकी को भारी मतों से जिताने की अपील की। अखिलेश यादव ने कहा कि सीसामऊ का उपचुनाव विशेष परिस्थितियों में हो रहा है। जबरदस्ती चुनाव कराया जा रहा है। सरकार ने झूठे मुकदमे लगाकर विधायक इरफान सोलंकी पर कार्रवाई की। उसकी वजह से चुनाव में जाना पडा। हमें उम्मीद है न्यायालय से विधायक को न्याय मिलेगा और वह जेल से छूटेंगे। सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी प्रत्याशी नसीम सोलंकी की रिकार्ड मतों से जीत होगी। कहा कि भाजपा के लोग उपचुनाव की तारीख आने के बाद घबराए हुए है। चुनाव टालने का प्रयास किया। चुनाव टालने वाले हारेंगे। भाजपा सौ फीसदी विधानसभा उपचुनाव हारेगी। भाजपा नौ की नौ सीटे हारेगी। यूपी में उपचुनाव तो हारेगी ही भाजपा महाराष्ट्र का



विधान सभा चुनाव भी हारेगी। मुख्यमंत्री की कुर्सी छिन जाएगी। भाजपा ने पहले अयोध्या में मिल्कीपुर चुनाव टाला, क्योंकि सर्वे में वह चुनाव हार रहे है। उपचुनाव 13 तारीख को होना था, लेकिन हार के डर से टालकर 20 तारीख कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जी पीडीए के बारे में अनाप–शनाप बोल रहे है। पीडीए से मुख्यमंत्री के पेट में दर्द हो रहा है। जब से पीडीए का नारा चला है, ये घबराये घूम रहे हैं। भाजपा सरकार के पास एक भी बुनियादी सवाल का जवाब नहीं है। भाजपा सरकार नौजवानों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है। परीक्षा प्रणाली में हेराफेरी करती है। गलत प्रश्नोत्तर बनाते है। पेपर बनवाने वाले, लीक कराने वाले, परीक्षा रद्द कराने, कॉपी बदलवाने और आरक्षण का हक मारने वाले सब भाजपाई है। प्रयागराज में हजारों नौजवान धरने पर बैठे हैं। सरकार एक साथ परीक्षा नहीं कराना चाहती है। जो लोग वन नेशन, वन इलेक्शन का नारा देते हैं वह एक साथ परीक्षा नहीं करा पा रहे है। यह पता नहीं कैसी परीक्षा कराना चाह रहे है। योगी सरकार उत्तर प्रदेश के लिए अनुपयोगी है। लोक सेवा आयोग नौकरी नहीं दे पा रहा है। भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहा है। नौजवान भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त है। लोकसभा चुनाव में नौजवानो ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया। नौजवान जानता है कि नौकरी देना और पेपर कराना भाजपा के एजेण्डे में नही है। भाजपा नौजवानों और उनके भविष्य को धोखा दे रही है। नौजवान इस युवा विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकेगा। नौजवान उपचुनाव में तो भाजपा को हरायेगा ही 2027 के विधान सभा चुनाव में भाजपा की सरकार हटाने का काम करेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई, बेरोजगारी चरम पर है। आज पिछले कई वर्षो में सबसे ज्यादा मंहगाई दिखाई दे रही है। हर चीज के दाम बढ़ गये है। मंहगाई की वजह से त्यौहार भी फीके पड़ गये है। मंहगाई के कारण लोग दुखी है और परेशान है। भाजपा के लोग मुनाफा कमाकर मंहगाई बढ़ा रहे हैं। मंहगाई बढ़ाने के साथ किसानों के लिए संकट पैदा किया है। सरकार किसानों को धोखा दे रही है। पहले तो खाद की बोरी में चोरी होती थी अब तो डीएपी की पूरी बोरी ही चोरी हो रही है। किसानों को डीएपी और अन्य खाद नहीं मिल रही है। भाजपा के लोग डीएपी की कालाबाजारी कर रहे है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था बर्बाद कर दी है। जो दंगे हो रहे है उसकी दोषी और जिम्मेदार भाजपा है। दंगा भाजपाइयों ने कराया। भाजपा के लोगो ने खुद भाजपाइयों पर दंगा भड़काने का केस दर्ज कराया।

## कृषि क्षेत्र के विकास के लिए 6.71 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति

लखनऊ(आरएनएस)। वित्तीय वर्ष 2024–25 में कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर हेतु प्राविधानित धनराशिरू0 780.00 लाख में से अवशेष ध ।नराशि रू0 650.00 लाख के सापेक्ष द्वितीय किश्तरू0 216.66 लाख (रु० दो करोड़ सोलह लाख छियासठ हजार) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मोदीपुरम, मेरठ की स्थापना हेतु प्राविधानित धनराशि रु0 700.00 के सापेक्ष अवशेष धनराशि रु0 583.34 लाख में से द्वितीय किश्त के रूप में धनराशि रु० 194.44 लाख (रु० एक करोड़ चौरान्नवे लाख चौवालिस हजार) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

इसके साथ ही कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहयोग से संचालित योजना के मद में ध ।नराशि रु0 700.00 के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में रु0 194.44 लाख (रु० एक करोड़ चौरान्नवे लाख चौवालिस हजार) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

# बीकेटी में भारी मात्रा में चंडीगढ से बिहार जा रही 10 लाख रुपए कीमत की अवैध शराब बरामद

लखनऊ(आरएनएस)। आबकारी टीम लखनऊ द्वारा आज बीकेटी के इंदौराबाग में भारी मात्रा में चंडीगढ से बिहार जा रही अवैध शराब पकड़ी गई है। ट्रक से लगभग 10 लाख रुपए कीमत की 913 लीटर अवैध शराब बरामद हुई और चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ राकेश कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि आबकारी टीम को सूचना मिली कि एक ट्रक जीरकपुर पंजाब से अवैध शराब लेकर लखनऊ के रास्ते पटना, बिहार जा रहा है। ट्रक को पकड़ने के लिए आबकारी निरीक्षकों की एक टीम गठित की गई। ट्रक सीतापुर के रास्ते होते हुए आज सुबह लगभग 5.15 बजे लखनऊ के इंदौराबाग चौराहे के पास पहुंचा। आबकारी टीम द्वारा वाहन को रोक कर चालक से पूछताछ की गई। चालक द्वारा ट्रक में दवाई तथा मुर्गी दाने की बोरियां बताई गईं, किंतु ट्रक की सघनता से तलाशी ली गई तो मुर्गी दाने की बोरियां तथा दवाई के गत्तों के बीच छुपाकर अवैध मदिरा रखी पायी गई।जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि ट्रक से चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में बिक्री हेतु अनुमन्य रॉयल चौलेंज व्हिस्की के 344 बोतल (प्रत्येक 2 लीटर) तथा रॉयल बैरल सलेक्ट व्हिस्की के 300 बोतल (प्रत्येक 750 एमएल) सहित कुल 913 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत उत्तर प्रदेश में लगभग 10 लाख रुपए है। ट्रक चालक हरी राम के विरुद्ध थाना बीकेटी में आबकारी अधिनियम की धारा 60, 63,72 तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2), 318(4) में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। उन्होंने बताया कि चालक द्वारा पूछताछ में बताये गये संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। आबकारी टीम में अभिषेक सिंह आबकारी निरीक्षक कौशलेंद्र रावत, लक्ष्मी शंकर बाजपेई, तथा अखिल गुप्ता सहित प्रधान आबकारी सिपाही विजय कुमार, सुधीर सिंह व ओंकार नाथ पांडे तथा सिपाही गोविंद यादव व प्रभात कुमार शामिल रहे।

# आगामी उप-निर्वाचन में मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने हेतु भारत निर्वाचन आयोग ने दिये निर्देश

लखनऊ(आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश के आगामी उप निर्वाचन में मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने और निर्वाचन में प्रतिरूपण को रोकने के लिए निर्देश जारी किए हैं। 16–मीरापुर, 29–कुन्दरकी, 56–गाजियाबाद, 71–खैर (अ०जा०), 110–करहल, 213–सीसामऊ, 256–फूलपुर, 277–कटेहरी, और 397–मझवां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 20 नवम्बर, 2024 को मतदान आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक) प्रस्तुत करना होगा।मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने यह भी बताया कि ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकते, उन्हें अपनी पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय का स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार, लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदोंध्विधायकोंध्विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र, या सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड जैसे वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करने की अनुमति होगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र (एपिक) पर यदि लेखन या वर्तनी में कोई मामूली त्रुटि है, तो उसे नजरअंदाज किया जाएगा, बशर्ते कि पहचान स्पष्ट रूप से सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, यदि किसी मतदाता के पास किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र का पहचान पत्र है, तो भी उसे मान्य माना जाएगा, बशर्ते कि उस मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में मौजूद हो। अगर पहचान पत्र के फोटोग्राफ में गड़बड़ी या असमानता के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना संभव नहीं हो पा रहा है, तो उसे किसी अन्य वैकल्पिक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अनुमति होगी।

# सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए होगा मंथन– प्रोफेसर श्रुति

## मुक्त विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार को

प्रयागराज (आरएनएस)। उ.प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं शुआट्स,प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के रास्ते, संभावनाएँ एवं चुनौतियाँ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी (पीसीपीएसडीजी) का आयोजन 14 नवम्बर 2024 को मुक्त विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक प्रोफेसर श्रुति ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन गुरुवार को पूर्वांचल 10रू30 बजे मुख्य अतिथि प्रोफेसर रमेश चन्द्रा, कुलपति महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय भरतपुर राजस्थान करेंगे। उद्घाटन सत्र के विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर आनंद वर्धन शर्मा, प्रोफेसर निदेशक, यूजीसी एचआरडीसी, काशी हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी होंगे तथा मुख्य वक्ता प्रोफेसर कुलदीप कुमार, सेंटर फॉर डाटा एनालिस्टिक्स, बौन्ड बिजनेस स्कूल, बौन्ड यूनिवर्सिटी, क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया होंगे।प्रोफेसर श्रुति ने बताया की समापन सत्र अपराह्न 4रू00 बजे निश्चित है। जिसके मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनूप चतुर्वेदी, सांख्यिकी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बेचन शर्मा, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज होंगे। संगोष्ठी की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देश–विदेश से आने वाले प्रतिभागियों की व्यवस्था के लिए विश्वविद्यालय में विशेष इंतजाम किए गए हैं।मुक्त विश्वविद्यालय की जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन करते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता, संयोजक प्रोफेसर श्रुति एवं प्रोफेसर अजीत पॉल, आयोजन सचिव डॉक्टर गौरव संकल्प, डॉक्टर दिनेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर धर्मवीर सिंह, मनोज कुमार बलवंत, डॉ सी के सिंह एवं डॉ विशाल विंसेंट हेनरी को विशेष जिम्मेदारी दी है।

# प्लास्टिक मुक्ति के लिए समाज सहयोग नहीं करेगा तो सारी मशीनरी बेकार– महापौर

## स्वच्छ और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ का आगाज

प्रयागराज (आरएनएस)। आज नगर निगम प्रयागराज द्वारा इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में महापौर गणेश केसरवानी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कहा कि महाकुम्भ प्रयागराजवासियों के लिए भारत के प्रमोशन का अवसर है। पूरी दुनिया को हमारे देश को जानने की उत्सुकता रहती है। वे लोग प्रयागराज आएंगे और यहाँ देखकर देश के लिए धारणा बनाएंगे। इसके लिए आप सभी नगरवासियों का सहयोग जरूरी है। स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्ति के लिए समाज सहयोग नहीं करेगा तो सारी मशीनरी बेकार है। महापौर बुधवार को प्रयागराज नगर निगम द्वारा आयोजित श्आगाज प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ काश विषय पर हुए सम्मलेन में प्रयागराज स्थित संस्थाओं के प्रमुखों और हितधारकों के सम्मलेन को सम्बोधित कर रहे थे। महापौर ने लोगों से अपील की कि वे अपने घरों के बाहर सफाई और स्वच्छ करने के बाद रंगोली बनाएं, जिससे दूसरों पर भी दबाव बने कि गन्दगी नहीं फैलानी है। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा, हमारे प्रयागराज में सबसे बड़ा आयोजन महाकुम्भ हो रहा है। हम इसकी छवि कैसी बनाना चाहते हैं, ये हमें तय करना है। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या मां (टीना मां) ने कहा, प्रयागराज के हम वासी हैं। प्रयागराज हमारा घर है। अगर हमारे घर में कोई मेहमान आता है तो हम घर को स्वच्छ रखते हैं। अब हमारे यहां महाकुंभ है तो हमें इसे स्वच्छ बनाना है। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कहा कि हमारे बच्चे ही स्वच्छता दूत हैं, जिन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि जब घर में कोई कार्यक्रम होता है, तो सब उसमें लग जाते हैं। ऐसे ही महाकुंभ का भव्य आयोजन है। इसके लिए वैसे ही जुटना पड़ेगा।

# प्रयागराज में भवनों के सेप्टिक टैंक से अपशिष्ट निस्तारण का शुल्क तय

प्रयागराज (आरएनएस)। भवनों के सेप्टिक टैंक से अपशिष्ट निकासी के लिए निर्धारित शुल्क देना होगा। भवनों के प्रकार के आधार पर अपशिष्ट निकासी के लिए अलग–अलग दरें तय की गई हैं। जलकल के साथ प्राइवेट एजेंसी भी अपशिष्ट का निस्तारण करेंगी। भवनों के प्रकार के आधार पर अपशिष्ट निस्तारण के लिए जलकल विभाग भवनस्वामियों से शुल्क वसूलेगा।

भवनों के सेप्टिक टैंक से अपशिष्ट निकासी के लिए प्रदेश सरकार ने गजट जारी किया है। गजट जारी करने के पहले जलकल ने अलग–अलग भवनों के सेप्टिक टैंक से निकलने वाले अपशिष्ट के लिए प्रस्तावित दरों पर लोगों से सुझाव मांगे। नगर निगम सदन ने प्रस्तावित दरें लागू करने के लिए संकल्प पारित किया। शहरी भवनस्वामियों से सुझाव नहीं मिला तो भवनों के सेप्टिक टैंक से अपशिष्ट निकालने के लिए प्रस्तावित दरें लागू कर दीं। अपशिष्ट निस्तारण के लिए जल निगम ने सलोरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास खास तरह का प्लांट तैयार किया है। जलकल के महाप्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि अपशिष्ट निकासी के लिए भवनों के आकार व प्रकार पर 300 से तीन हजार रुपये तक शुल्क निर्धारित किया है। निजी एजेंसियां भी यह काम कर सकेंगी, लेकिन उनको जलकल में अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। इससे

# एक क्लिक पर मिलेगी प्रदेश की प्रसि) धार्मिक–आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी

लखनऊ(आरएनएस)। पर्यटन विभाग ने देशी–विदेशी सैलानियों को प्रदेश के पर्यटन स्थलों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए एक ऐप तैयार कराया है। जिसके माध्यम से पर्यटक एक क्लिक पर प्रदेश के धार्मिक–अध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे पर्यटकों का धन के साथ समय की बचत होगी और आसानी से अपने गन्तव्य स्थल तक जा सकेंगे। यूपी टूरिज्म नामक मोबाइल ऐप से पर्यटन से जुड़ी सभी सूचनायें प्राप्त कराने का प्रयास किया गया है। इसका उद्देश्य देशी–विदेशी पर्यटकों को उ0प्र0 की ओर आने के लिए आकर्षित करना है।यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देते हुए बताया कि यूपी पर्यटन के क्षेत्र में विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां विश्वस्तरीय धार्मिक, आध्यात्मिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक सहित अन्य पर्यटन स्थल हैं। इसके अलावा, कुजीन, आर्ट एंड क्राफ्ट प्राचीन काल से लोगों को आकर्षित करते रहे हैं। प्रदेश में बढ़ते पर्यटन के साथ किसी एक ऐसे ऐप की आवश्यकता थी, जिस पर पर्यटन से जुड़ी सभी अद्यतन सूचनाएं उपलब्ध हों। इसी के दृष्टिगत यूपी टूरिज्म मोबाइल एप तैयार किया गया है। इसमें प्रत्येक जिले के पर्यटन स्थल, ठहराव स्थल, खान–पान, प्रमुख पर्व–त्योहार आदि की सूचना का समावेश किया गया है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि जैसे लखनऊ घूमना है तो ऐप में लखनऊ सर्च करना होगा। इसके बाद यहां के पर्यटन स्थल दिलकुशा कोठी, हनुमान सेतु, रामकृष्ण मठ, छतर मंजिल, लाल बारादरी, मनकामेश्वर मंदिर, रेजीडेंसी, बड़ा इमामबाड़ा, माता चंद्रिका देवी मंदिर सहित अन्य स्थलों का नाम आ जाएगा। साथ ही, वहां की दूरी, सर्वश्रेष्ठ यात्रा का समय, पता, कनेक्टिविटी, मार्केट, मॉल और आसपास के आकर्षण का नाम सामने आ जाएगा। इतना ही नहीं, हस्तकला में चिकनकारी कढ़ाई, जरी जरदोजी, चांदी के बर्तन का काम, टेराकोटा आदि की जानकारी भी मिल जाएगी। यहां के प्रसिद्ध खान पान की सूचनाएं भी उपलब्ध होंगी। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी तरह अयोध्या, काशी, मथुरा, झांसी, गोरखपुर समेत अन्य सभी छोटे–बड़े पर्यटन स्थलों की सूचनाएं भी ऐप पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, प्रमुख पर्व–त्योहार और उत्सवों जैसे–देव दीपावली, दीपोत्सव, रंगोत्सव, कुंभ–महाकुंभ, कृष्ण जन्माष्टमी आदि की जानकारी उपलब्ध हैं। यहां यूपीएसटीडीसी द्वारा भ्रमण के लिए तैयार विशेष भ्रमण पैकेज की जानकारी के साथ ही बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

# भारत के जवानों संग इजरायल, अमेरिका और फ्रांस के दिग्गज करेंगे गंगा आरती

## सेना के बड़े अधिकारी और दुनिया के नामचीन संत गंगा आरती में होंगे शामिल

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को महाकुंभ की नव्यता, दिव्यता और भव्यता का एहसास कराने की तैयारी में जुटी है। वहीं दुनिया के विशिष्ट लोग भी महाकुंभ में सम्मिलित होने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने को लालायित हैं। महाकुंभ के दौरान पहली बार इजरायल, अमेरिका और फ्रांस समेत तमाम देशों के दिग्गज गंगा आरती में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं। उनके साथ सेना के जवान भी शामिल होंगे। देश के विशिष्ट संतों का होगा सम्मानहरिहर गंगा आरती समिति रामघाट प्रयागराज के अध्यक्ष सुरेश चन्द्रा ने बताया कि काशी के तर्ज पर प्रयागराज में वर्ष 1997 में गंगा आरती की शुरुआत की गई। जिसके बाद से लेकर आज तक यह क्रम अनवरत जारी है। इसी के तहत, महाकुंभ के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही देश के कोने–कोने से आ रहे विशिष्ट संतों का सम्मान करने की योजना बनाई गई है। भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों के संतों का एक साथ महाकुंभ के महा आयोजन में शामिल होना अविस्मरणीय होगा। भारत के सबसे बड़े राज्य के मुखिया योगी आदित्यनाथ के प्रति विश्व के ताकतवर देशों के लोगों में क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भारत के जवानों के साथ इजरायल, अमेरिका, फ्रांस, वियतनाम, इटली, कनाडा और म्यांमार के नामी लोग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने भारत आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी विदेशी मेहमान यहां की प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होंगे। उनके साथ भारतीय सेना के बड़े अधिकारी भी रहेंगे। ये सभी हरिहर गंगा आरती समिति के मेहमान होंगे।

# सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जनसभा आज रुदापुर में

प्रयागराज (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की फूलपुर के रुदापुर में बृहस्पति वार को होने वाली जनसभा की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। उप चुनाव में उम्मीदवार हाजी मुजतबा सिद्दीकी के समर्थन में होने वाली जनसभा में भारी भीड़ जुटने की सम्भावना जताई जा रही है। सपा के मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार जनसभा स्थल पर हेली पैड बनकर तैयार है जो मंच से थोड़ी ही दूर पर है। इसके साथ ही जर्मन हेंगर मंच 40'60 फिट का आठ फिट ऊँचा मंच बनाया गया है जिस पर से सपा प्रमुख अपना भाषण करेंगे। इसके बगल में एक छोटा मंच बनाया गया है जिस पर सांस्कृतिक दल के लोग रहेंगे। मंच के सामने कुर्सियां लगाई गई हैं। मंच के पीछे सेफ हॉउस बनाया गया है। भीड़ के नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिये जिले के पुलिस कमिश्नर एवं वरिष्ठ प्रसाशनिक अधिकारियों से लिखित अनुरोध कर लिया गया है।

अखिलेश यादव लखनऊ से प्राइवेट वायुयान द्वारा प्रयागराज एयर पोर्ट आएंगे जहाँ से हेलीकाप्टर द्वारा जनसभा स्थल रुदापुर में दोपहर 12रू30बजे पहुंचेंगे। डेढ़ घंटे रुकने के बाद दो बजे दोपहर वापस चले जायेंगे।चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, सह प्रभारी गण डॉ मानसिंह यादव, संदीप पटेल, अमरनाथ सिंह मौर्य, हाकिम लाल बिन्द, श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, संदीप यादव, धर्म राज पटेल, शकील अहमद, मंसूर आलम आदि सहित सपा के कई बड़े नेता एवं पदाधिकारियों द्वारा जनसभा को सफल बनाने के लिये दिन रात जुटकर प्रयास किया जा रहा है।

# प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन में तीसरे दिन भी हंगामा

## दिव्यांग भी लड़ रहे लड़ाई, हजारों छात्राएं भी मैदान में उतरी 11 छात्र लिए गए हिरासत में

प्रयागराज (आरएनएस)। यूपी लोक सेवा आयोग की दो बड़ी भर्ती परीक्षाओं के नियमों में किए गए बदलाव के विरोध में प्रतियोगी छात्रों ने अपने आंदोलन को बुधवार तीसरे दिन भी अनवरत जारी रखा। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र छात्राएं आयोग के गेट नंबर 2 के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए लगातार ड्रम, थाली और पानी की खाली बोतलें पीटकर आयोग और यूपी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध जता रहे हैं। प्रतियोगी छात्र छात्राओ के आंदोलन का बुधवार तीसरे दिन भी शांत नही हुआ। प्रयागराज में लोक सेवा आयोग कार्यालय के सामने हजारों छात्रों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। प्रदर्शन के 48 घंटे हो चुके हैं। बुधवार को कोंचिग का पोस्टर फाड़नेके मामले में पुलिस ने 11 छात्रों को हिरासत में लिया। बाद में शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

छात्राओं ने थाली बजाकर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने कहा– राजतंत्र नहीं, लोकतंत्र है, तानाशाही नहीं चलेगी। पुलिस हमारे घर पहुंचकर दबाव बना रही है कि हम लोग प्रदर्शन से लौट जाएं, लेकिन हम हक मिलने तक नहीं हटेंगे।अभ्यर्थियों ने मंगलवार रातभर कैंडल और मोबाइल टॉर्च जलाकर नारेबाजी की। आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत की शव यात्रा निकालने के बाद सांकेतिक क्रियाकर्म किया।बीते दो दिनों से आंदोलन कर रहे छात्र–छात्राएं रात को खुले आसमान के नीचे आयोग दफ्तर के सामने सड़कों पर डटे हुए है। इस आंदोलन में दिव्यांग छात्र भी अपनी लड़ाई लड़ने के लिए बैशाखी का सहारा लेकर डटे हुए है। प्रतियोगी छात्र छात्राएं वन डे वन शिफ्ट में परीक्षा कराए जाने और नार्मलाइजेशन वापस लेने का नोटिस जारी होने तक आंदोलन खत्म करने को तैयार नहीं है।वहीं प्रतियोगी छात्र छात्राओं के विरोध प्रदर्शन के चलते आयोग के दफ्तर के बाहर का पूरा इलाका छावनी में तब्दील किया गया है। पुलिस और पीएसी के साथ ही रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की गई है। सड़कों पर छात्रों का कब्जा होने की वजह से प्रयागराज से लखनऊ जाने वाले रास्ते को बीच में करीब एक किलोमीटर तक बैरिकेड किया गया है।होर्डिंग तोड़ने, पोस्टर फाड़ने के मामले में प्रयागराज पुलिस ने 11 छात्रों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि कोचिंग संस्थान की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर छात्रों से पूछताछ की जा रही है।लोकसेवा आयोग के सामने जगह–जगह बैरिकेडिंग लोक सेवा आयोग के सामने फिर से छात्र–छात्राओं की भीड़ बढ़ने लगी है। पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवान आयोग के आसपास की सड़कों पर तैनात हैं। जगह–जगह बैरिकेडिंग लगाई गई है। वाहनों रोका जा रहा है।

# बोले सो निहाल, सत् श्रीअकाल के जयकारे से भक्तिमय हुआ नगर

## श्री गुरू नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर निकाली शोभा यात्रा

प्रयागराज (आरएनएस)। श्री गुरू नानक देव जी का 555 वर्षीय प्रकाश उत्सव जो 15 नवंबर को आ रहा है के उपलक्ष में आज गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा की ओर से श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की अगवायी में शोभा यात्रा (नगर कीर्तन) के रूप में पाँच प्यारो के नेतृत्व में गुरुद्वारा साहिब से सभा की अध्यक्ष स० हरजिन्दर सिंह जी की देख–रेख में प्रारम्भ हुई। साहिब श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी का स्वरूप एक फूलों की सजी पालकी में शुशोभित था उसके आगे सेवादार सड़क पर झाडू द्वारा सफाई करते हुए फूलों की बरखा कर रहे थे। संगत शब्द गुरूबाणी ष्धुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जग माहि पठायाष का गायन कर रहे थे, हर तरफ भक्ति का माहौल नजर आ रहा था। ष्बोले सो निहाल, सत् श्रीअकाल के जयकारे लग रहे थे। नगर कीर्तन नखास कोना, घंटाघर, जानसेन गंज, हिवेट रोड, लोकनाथ, चौक होता हुआ वापस गुरुद्वारा साहिब पहुँचा। घंटाघर पर शोभा यात्रा कुछ समय के लिये रूकी जहां पर श्री गुरू सिंह सभा के हजूरी रागी भाई गुरमीत सिंह जी ने कीर्तन गायन किया। सभा के अध्यक्ष स० हरजिन्दर सिंह ने गुरू नानक देव जी के इतिहास से नगर वासियों को अवगत कराया एवं नगर वासियों को गुरू नानक देव जी के जीवन गाथा से उनके द्वारा मानवता के प्रति दिये गये संदेश को बताने के साथ–साथ नगर वासियों को गुरू नानक देव जी के 555 वर्षीय प्रकाश पर्व की बधाई दी तथा सभी को मिलजुल कर प्रकाश पर्व मनाने के लिये गुरुद्वारा साहिब आमंत्रित किया। स० हरजिन्दर सिंह ने कहा कि सिक्ख गुरूओं ने भारत की आन–बान और शान के लिए अपना बलिदान दिया। सिक्ख सैनिको ने देश के प्रति देक्ष की रक्षा करते हुए शहीदी दी और देश का एक–एक सिक्ख देश प्रति सच्ची निष्ठा रखता है। शोभा यात्रा में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा गर्ल्स इण्टर कालेज प्रयागराज के बच्चों ने भाग लिया जहाँ बच्चों ने बैण्ड बाजे, तथा कई कलाओं का प्रदर्शन किया वही बच्चों ने गुरूबाणी गायन किया ष्सतिगुरू नानक प्रगटया मिटी धुंध जग चानण होआष की धुन बजती रही, श्री गुरू नानक देव जी के द्वारा जनमानस के कल्याण हेतु दिये गये संदेश एवं विभिन्न विषयों पर जन जागरूकता का संदेश प्रसारित किया गया।

# आरपीएफ ने बरामद की 35000 रूपये की अवैध शराब

एक वर्ष में बरामद हो चुकी है 7,72,000 कीमत की शराब

प्रयागराज (आरएनएस)। रेलवे सुरक्षा बल आपरेशन सतर्क के माध्यम से अवैध शराब एवं तस्करों के विरुद्ध अभियान चलती है। प्रयागराज मण्डल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 –25 में शराब तस्करी के 24 मामले पंजीकृत कर 30 शराब तस्करों से 7,72,010ध– रुपये की शराब जप्त की। आज रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज के उप निरीक्षक, विवेक कुमारय उप निरीक्षक गौरवय सहायक उप निरीक्षक लाखन सिंह ने राजकीय रेलवे पुलिस के साथ रेलवे के माध्यम से अवैध रूप से शराब की तस्करी व अन्य अपराधो को अंजाम देने वाले अपराधियों की धारपकड़ एवं लावारिस सामान पर नजर रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान में प्रयागराज जंक्शन से अवैध शराब बरामद की।

सुरक्षा बलों को प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 4ध्5 के हावड़ा छोर पर तीन संदिग्ध बोरिया दिखाई दीं। संदिग्ध बोरियों के बारे में आसपास के यात्रियों से पूछताछ की गयी और जानकारी न मिलने पर बोरियों को खोलकर देखा गया। उक्त बोरियों से भारी मात्रा में ऑफिसर चॉइस के 180 एमएल के पाउच मिले। शराब को जप्त कर तीनों बोरियो को राजकीय रेलवे पुलिस प्रयागराज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। तीनो बोरियों से ऑफिसर च्वाइस शराब के 180 एमएल वाले 205 पाउच बरामद किए गए । बरामद की गयी शराब की अनुमानित कीमत 35000ध– रुपये है।

# छात्रों के आंदोलन से सरकार के भ्रष्टाचार की पोल खुली- अनिल शास्त्री

प्रयागराज (आरएनएस)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने लोकसेवा आयोग की मनमानी की निंदा करते छात्रों की मांगों का समर्थन किया है। अपने चार दिनों के दौरे के दौरान आज यहाँ उन्होंने आयोग के नार्मलाइजेशन योजना को लेकर कहा कि वन नेशन – वन इलेक्शन की बात करने वाली सरकार 140 करोड़ लोगों के चुनाव जब एक साथ कराने की बात कर सकती है तो कुछ हजार छात्रों की एक दिन में परीक्षा क्यों नहीं करायी जा सकती? कहा कि नियम कानून नहीं हटाये गये तो छात्र कुछ भी कर सकते हैं।आयोग की दलील को खारिज करते शास्त्री ने कहा कि परीक्षा की कापी और परिणाम बदलने की बात कोर्ट में खुद उसने स्वीकार किया। झारखंड और महाराष्ट्र में रोजगार और यूपी में लाठी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि वायनाड में आज हुए मतदान से जनता के कांग्रेस के प्रति जबर्दस्त उत्साह को देखते साफ है कि प्रियंका गांधी इतिहास रचेंगी। प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, झारखंड सहित चुनावी राज्यों में जो सौगात और रेवड़िया बांट रहे हैं वह देश के अन्य भाजपा शासित राज्यों में पहले करके दिखायें। मोदी योगी के एक हैं तो सेफ हैं,

# छात्र आंदोलन में अपराधिक तत्वों के इंवाल्वमेंट की सूचना से सतर्क हुई पुलिस

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग पर चल रहे छात्रों के आंदोलन में आपराधिक तत्वों के भी सक्रिय होने की जानकारी होने पर पुलिस सतर्क हो गई है। सूत्रों के मुताबिक प्रदर्शन में कुछ ऐसे लोग भी प्रतियोगी बनकर घूम रहे हैं जिनका आपराधिक इतिहास है और वह जेल तक जा चुके हैं। यह जानकारी मिलने के बाद पुलिस अफसरों के कान खड़े हो गए हैं और निगरानी बढ़ा दी गई है।छात्रों के आंदोलन को लेकर खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय किया गया है। उन्हें प्रदर्शन पर सतर्क नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि छात्र किसी के बहकावे में आकर कोई गलत कदम न उठाएं। सूत्रों का कहना है कि इसी क्रम में मिले खुफिया इनपुट ने पुलिस अफसरों के कान खड़े कर दिए हैं।खुफिया एजेंसियों को पता चला है कि आंदोलनकारियों की आड़ में कुछ आपराधिक तत्व भी प्रदर्शनस्थल पर सक्रिय हैं। इनमें से कुछ ऐसे हैं

# सीएम के खिलाफ नारेबाजी का जताया विरोध

प्रयागराज कुछ छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी का आंदोलनकारी छात्रों ने विरोध किया है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन आयोग की नीतियों के खिलाफ है ना कि राजनीतिक।ज्ञात हो कि कुछ छात्रों ने सीएम योगी के खिलाफ नारेबाजी की थी। जिसका प्रदर्शनकारी छात्रों ने विरोध जताया। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ दो दिवसीय परीक्षा और नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ है, इसे राजनीति से ना जोड़ा जाए। आंदोलनकारियों का कहना है कि कुछ राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन को उग्र बनाने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों का मानना है कि यह संघर्ष किसी नेता या समूह का नहीं, बल्कि एक साझा प्रयास है, जिसमें हर प्रतियोगी की आवाज गूंजती है। उनकी एकजुटता का संदेश देती है। इस आंदोलन का कोई एकल नेतृत्व नहीं, बल्कि सभी छात्र इसके वाहक हैं

# भावी पीढ़ी के चारित्रिक व नैतिक विकास हेतु जागरूक हों अभिभावक - डा. भारती गाँधी, संस्थापिका-निदेशिका, सी.एम.एस.

लखनऊ, 13 नवम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा



'वार्षिक समारोह' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। इस भव्य समारोह में नाचते–गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें–मुन्हों की खूब हौसलाअफजाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इससे पहले सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डा. भारती गाँधी ने कहा कि एकता, शान्ति, भाईचारा एवं वसुधैव कुटुम्बकम् के विचारों को बचपन से ही प्रत्येक बालक को देने की आवश्यकता है। अतः सी.एम.एस. द्वारा ऐसे प्रयास किये जा रहे हैं जिससे कि प्रत्येक बालक को घर व विद्यालय दोनों जगह विश्व एकता एवं विश्व शान्ति के विचार मिल सके। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि भावी पीढ़ी के चारित्रिक, नैतिक व आध्यात्मिक उत्थान के लिए जागरूक हों।

सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति कश्यप ने इस अवसर पर अपने संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें अभिभावकों का जो सहयोग बराबर मिलता है यह उसी का परिणाम है।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि अभिभावक जिस विश्वास के साथ अपने प्रिय बच्चों को अच्छी पढ़ाई के साथ–साथ अच्छा इन्सान बनाने के लिए भेजते हैं, उस पर खरे उतर रहे हैं। सी.एम.एस. अलीगंज की प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने कहा कि एकता व शान्ति के वातावरण में बच्चों का संतुलित विकास बहुत तेजी से होता है। श्रीमती शिवानी सिंह ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सहयो हेतु अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# सभासद प्रतिनिधि को जेल भेजे जाने के विरोध में प्रदर्शन कांग्रेसीयों नें किया

अयोध्या (आरएनएस)। कुमारगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 1 के सभासद प्रतिनिधि संतोष कुमार कोरी की जेल में निरूद्ध किए जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर कार्यालय का घेराव किया। इस घेराव में समाजवादी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के नेता भी शामिल हुए हैं। प्रदर्शन एवं घेराव के बाद मिल्कीपुर उप जिलाधिकारी ने कांग्रेस नेता संतोष कुमार कोरी को जमानत पर रिहा कर दिया है।

प्रदर्शन में शामिल समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दलित कार्यकर्ता के ऊपर हो रहे उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि उप जिलाधिकारी महोदय भारतीय जनता पार्टी के दबाव में अन्य राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रहे हैं। धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इस मामले में न्याय की मांग करती है और दलित समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी है। यह प्रदर्शन राजनीतिक दबाव में उत्पीड़न के खिलाफ एक मजबूत संदेश देता है। कार्यक्रम का संचालन पीसीसी सदस्य संजय तिवारी ने किया। उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर के जमानत आश्वासन पर प्रदर्शन को समाप्त किया गया जमानत दिए जाने पर सभी कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को धन्यवाद दिया।

# धान क्रय केंद्र की लचर व्यवस्था के चलते किसान बिचौलियों के हाथ बेंचने को मजबूर

अयोध्या (आरएनएस)। सरकारी एजेंसियां भले धान खरीद शुरू होने का दावा कर रही है पर जमीनी हकीकत यह है कि विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के चलते क्रम केन्द्र पर धान खरीद अभी भी शुरू नहीं हो पा रही है। राष्ट्रीय लोकदल अवधा जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह ने कहा कि धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद न शुरू होने के कारण जनपद के किसान बिचौलिए के शिकार हो रहे हैं। और रबी की फसल की बुआई के लिए किसानों को इस समय खाद, बीज और अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पैसे की आवश्यकता है।जिसकी पूर्ति के लिए किसान क्रय केन्द्र पर धान खरीद शुरू न होने के कारण जरूरतों को पूरा करने के लिए पौने दामों पर बिचौलियों के हाथ बेचने को मजबूर है। रायबरेली रोड स्थित नवीन मंडी मे धान खरीद के तीन केन्द्र है। इनमें एक भारतीय खाद्य निगम तो दो खाद्य विभाग का है। एक मसौधा ब्लाक तो दूसरा नवीन मंडी का केंद्र है। केंद्र पर बोरा उपलब्ध न होने के कारण खरीद में तेजी नहीं हो पा रही है । मंडलीय अधिकारी आर ए एम ओ दिनेश कुमार तिवारी ने आज उक्त केन्द्र पर जब निरीक्षण करने पहुंचे उनके आने की भनक लगते ही क्रम केन्द्र प्रभारी द्वारा खरीद शुरू दिखाने के लिए भारतीय खाद्य निगम व एक केन्द्र खाद्य विभाग पर 8,10 कुन्टल धान खरीद के लिए मंगाया गया। निरीक्षण के दौरान खरीद में तेजी लाने साफ सफाई पेयजल किसानों को बैठने के लिए केंद्र पर अधिकारियों को निर्देश दिया। राष्ट्रीय लोकदल के नेता चौधरी रामसिंह पटेल ने कहा कि रालोद का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को जिलाधिकारी से मिलेगा।

# कार्तिक मेले को लेकर महापौर ने घाटों का किया निरीक्षण

अयोध्या (आरएनएस)। कार्तिक पूर्णिमा मेले में की तैयारियों को लेकर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने अयोध्या के घाटों का निरीक्षण किया। महापौर ने घाटों पर स्वच्छता, शौचालयों, महिलाओं के कपड़े बदलने के स्थल के नियमित साफ–सफाई कराने का निर्देश दिया। घाटों पर फागिंग करवाने, डस्टबिंन रखवाने, प्रकाश की व्यवस्था तथा कूड़ा प्रबंधन के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने संत तुलसीदास घाट पर बने नाले पर पटिया रखने का निर्देश दिया। उन्होंने राम की पैडी, सरयू आरती स्थल से राम कथा पार्क तक नगर निगम के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।महापौर ने कहा कि कार्तिक मेले में पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन अयोध्या में होता है। अयोध्या की महिमा तथा गरिमा के अनुसार यहां आने वाला श्रद्धालु अपने मन में यहां से अच्छी स्मृतियों को लेकर वापस जाए। नगर निगम इसके लिए प्रतिबद्ध है। साफ–सफाई के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। मेले के दौरान घाटों, रामनगरी के रास्तों पर साफ–सफाई, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल के व्यापक इंतजाम किए गए है। अयोध्या यहां आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त वागीश कुमार शुक्ला, सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, महाप्रबंधक जलकल, सहायक अभियंता विद्युत यांतरिकज् एवं निर्माण, अवर अभियंता विद्युत यांत्रिक एवं जलकल तथा अन्य अधिकारी गण व कर्मचारी गण मौजूद रहे

# डेढ़ करोड़ की लागत से बनेगा श्री गुरू वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ में भोजनशाला

अयोध्या (आरएनएस)। श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शननगर परिसर में डेढ़ करोड़ की लागत से 2500 स्क्वायर मीटर में 200 बटुको के बैठकर भोजन करने की क्षमता का अत्याधुनिक भोजनशाला का निर्माण शुरू होगा,उक्त जानकारी देते हुए गुरुकुल के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि तदनुसार 14 नवंबर को प्रातः 10 बजे गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला के संस्थापक संरक्षक राजकुमार दास महराज अधिकारी श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट, व कमल नयन दास महराज अधिकारी श्री मणि राम दास छावनी की गरिमा मय उपस्थिति में गुरुकुल विद्यापीठ के अध्यक्ष महाराजा गंगा सिंह विश्व विद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ भूमि पूजन (शिलान्यास) करेंगे। भोजनशाला के साथ 11 लाख की लागत से बनने वाले 21 गणे 21 वर्ग मीटर की यज्ञशाला का लाल राजस्थानी पत्थर से निर्माण कार्य भी आज से प्रारंभ होगा , निदेशक ने बताया भोजनशाला का निर्माण कार्य एक सामाजिक संस्था के सहयोग से होगा। भुमि पूजन में गुरुकुल विद्यापीठ व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

# अगर पेपर बटेंगे तो नंबर कटेंगे, विद्यार्थियों की बात माने सरकार-चंद्रशेखर

अयोध्या (आरएनएस)। बुधवार को नगीना के सांसद चंद्रशेखर रावण अयोध्या पहुंचे। उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। पोस्टर वार पर कहा कि मुझे बोलने की जरूरत नहीं, वही लोग आपस में बोल रहे हैं। बाकी मीडिया दिखा रही है।चंद्रशेखर रावण ने प्रयागराज में परीक्षार्थियों के प्रदर्शन पर कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन की बात करती है तो वनडे वन शिफ्ट में बच्चों का पेपर क्यों नहीं करवा रही है। विद्यार्थियों ने बहुत अच्छा नारा दिया है। अगर पेपर बटेंगे तो नंबर कटेंगे। मैं चाहता हूं सरकार विद्यार्थियों की बात माने। बच्चे बैठे हैं, बच्चियां बैठी है, नौजवान बैठे हैं, देश का भविष्य बैठा है, सरकार को उनकी चिंता करनी चाहिए। अगर राजनीतिक मजबूरियां ना होती तो उनके बीच में जाकर मैं वहीं सड़क पर बैठता। मैं बच्चों के साथ खड़ा हूं। सरकार से मांग करता हूं उनकी मांग को माने और एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बुलडोजर पर आए फैसले पर चंद्रशेखर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पर सुप्रीम कोर्ट का तमाचा है। बिना आरोप तय हुए बिना अपराधी साबित हुए बिना कोर्ट के ऑर्डर के आप किसी का घर नहीं गिरा सकते। आप खुद से कोर्ट नहीं हो। आप खुद जज नहीं हो। सरकार की जो गलत नीतियां थी उसको सुप्रीम कोर्ट ने सबक सिखाया है।

# प्राचार्य ने नवगठित कार्यकारिणी का किया सम्मान

अयोध्या (आरएनएस)। अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ चुनाव के उपरान्त नए चुने गए अध्यक्ष डा.जनमेजय तिवारी , महामंत्री प्रो. अमूल्य सिंह एवं विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डा. वेदप्रकाश का साकेत महाविद्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय के कुलानुशासक प्रो अशोक मिश्र और डा. बी.के. सिंह छात्र–कल्याण अधिकारी डॉ संतोष कुमार और डॉ. रवि कुमार चौरसिया के साथ–साथ महाविद्यालय परिवार के शिक्षक प्रो योगेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, प्रो मनोज छापड़िया, प्रो अभिषेक दत्त त्रिपाठी, प्रो पवन कुमार सिंह, प्रोअंजनी सिंह, प्रो. अशोक राय, प्रो आशुतोष त्रिपाठी, डॉ. विनय सिंह, डॉ रामलाल विश्वकर्मा, डा अविनाश तिवारी, डॉ संतलाल, डॉ संतोष सरोज,मौजूद रहे।

# ध्रुव का मतलब है अटल बाल व्यास मधुर जी 'बेटियां होती हैं घर की लक्ष्मी'

धनपतगंज सुल्तानपुर(आरएनएस)। बेटियां घर की लक्ष्मी होती है उन्हें भार नहीं मानना चाहिए।समाज में समर्पण का भाव सिर्फ बेटियों में ही मिलता है। उक्त बातें बड़नपुर ग्राम पंचायत के ग्राम पूरे पंडित आचार्य ब्लॉक धनपतगंज सुल्तानपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिवस पर पूज्य बाल व्यास मधुर जी महराज ने बताया। वृंदावन धाम से आए हुए बाल व्यास महराज ने कथा में आगे ध्रुव चरित्र के अंतर्गत बताया कि जीवन में कितना भी संघर्ष मिले पर अपने कर्तव्य पथ को छोड़ना नहीं चाहिए। अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ निश्चय रखना चाहिए और यही दृढ़ निश्चय ही मनुष्य को एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त कराता है। उन्होंने आगे बताया कि अपने गुरु के प्रति हमेशा विश्वास रखना चाहिए। इस पृथ्वी पर विषम परिस्थितियों में भी कोई साथ दे न दे लेकिन एक गुरु अवश्य अपने शिष्य के प्रति अपने कर्तव्य को



निभाते हैं। इसलिए गुरु के वचनों के प्रति तथा उनके आचरण के प्रति हमेशा विश्वास करना चाहिए। ध्रुव जी महाराज की कठोर तपस्या का ही फल है कि आज भी वह संसार में ध्रुव तारे के रूप में चमक रहे हैं। विवाह संयोग में भी ध्रुबावलोकन का नियम होता है। ध्रुव से तात्पर्य अटल से है। अगर ध्रुव जैसी ऊंचाई पर जाना है तो जीव को ध्रुव जैसी तपस्या भागवत निष्ठा और गुरु के प्रति विश्वास होना अति आवश्यक है।जीवन में वही मनुष्य सुखी है जो भगवत भजन में लीन है। मनुष्य को सबसे सौभाग्यशाली माना जाता है क्योंकि वह संसार में रहकर भागवत कथा के श्रवण का सुख प्राप्त करता है। कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिवस पर मुख्य यजमान पूर्व प्राचार्य पंडित जगदेव प्रसाद पाण्डेय शास्त्री के पुत्र संतोष पाण्डेय पत्रकार ने कथा श्रवण में आए हुए समस्त श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी, मनोज मिश्र,कालिका तिवारी सुधीर पांडेय राजू तिवारी श्री निवास शुक्ला अयोध्या मिश्रा साहेब बक्श सिंह

# कर सम्बन्धी जागरूकता शिविर का किया आयोजन

सुलतानपुर(आरएनएस)। आयकर विभाग, सुलतानपुर द्वारा अग्रिम कर, आयकर प्रावधान एवं PAN से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज दिन बुधवार को अपराहन 3.30 पर आयकर कार्यालय, सुलतानपुर में किया गया, जिसमे अग्रिम कर, आयकर प्रावधान एवं PAN से संबंधित आवश्यक जानकारी आयकरदाताओं एवं जन सुविधा केंद्र चलाने वालों को प्रदान की गयी। जागरुकता कार्यक्रम में लगभग सत्तर से अधिक आयकरदाता एवं जन सुविधा केंद्र चलाने वाले उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को श्री राम करन गौतम, आयकर अधिकारी, सुलतानपुर के द्वारा संम्बोधित किया गया ।



# मुख्यमंत्री का आदेश भी नहीं मानते विद्युत विभाग के अधिकारी

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लखनऊ की ओर से मिल्कीपुर विद्युत वितरण खंड तृतीय क्षेत्र स्थित विद्युत उपकेंद्रों एवंविद्युत विभाग के अधिकारियों सहित अधिशासी अभियंता एवं मुख्य अभियंता द्वारा विभाग की ओर से प्रदत्त सीयूजी मोबाइल फोन पर उपभोक्ताओं द्वारा किए गए कॉल को रिसीव न किए जाने को लेकरविद्युत उपभोक्ताओं ने पावर कारपोरेशन के एमडी से शिकायत कर बेअंदाज अधिकारियों एवं विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। विद्युत उपकेंद्र कुमारगंजक्षेत्र स्थितराजस्व गांव मसेड़ा के विद्युत उपभोक्ता नरसिंह ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगमके प्रबंध निदेशक को प्रेषित शिकायत में आरोप लगाया है कि मिल्कीपुर क्षेत्र के सभी उपभोक्ता गण लोग बहुत परेशान हैं। अधिशासी अभियंता (विद्युत वितरण खंड तृतीय मिल्कीपुर अयोध्या) इंजी. विनोद कुमार को विभाग की ओर से सीयूजी मोबाइल नंबर 9415099176 उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु आवंटित किया गया है। जिस पर विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा फोन कॉल किए जाने पर उनके द्वारा फोन कॉल रिसीव नहीं की जाती। अपनी समस्या का समाधान निचले स्तर के अधिकारियों से न होने के उपरांत उपभोक्तागण उनके मोबाइल फोन पर सीधे सम्पर्क कर संवाद करना चाहते हैं। किंतु उनके द्वारा फोन कॉल रिसीव न करते हुए पीड़ित लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह परंपरा बिल्कुल गलत है। लोग अपनी समस्या बताने के लिए फोन पर संपर्क साधते हैं। कोई भी व्यक्ति अनावश्यक बात करने के लिए उन्हें फोन कॉल नहीं करता और न ही उनके द्वारा बनाए गए कंज्यूमर ग्रुप पर शिकायत दर्ज करने पर ही कोई प्रभावी कार्यवाही होती है। इससे साफ जाहिर है कि केवल उपभोक्ताओं को भ्रमित करने के लिए मोबाइल व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। और तो और यही हाल विद्युत उपकेंद्रों पर रखे गए सीयूजी मोबाइल फोन का भी है। जिस पर भी कॉल किए जाने के बाद विद्युत उपकेंद्र पर मौजूद कर्मियों द्वारा भी फोन कॉल रिसीव नहीं किया जाता। बड़ी–बड़ी घटनाएं घटित हो जाने के बाद भी उपकेंद्र को सूचना नहीं हो पाती। शिकायतकर्ता श्री सिंह ने अधिशासी अभियंता सहित मुख्य अभियंता द्वारा फोन कॉल रिसीव न किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि महत्वपूर्ण शिकायत का एमडी मध्यांचल ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है।शिकायतकर्ता का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी लगातार प्रत्येक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीयूजी मोबाइल फोन पर आने वाली कॉल रिसीव कर त्वरित कार्रवाई किए जाने का निर्देश पर निर्देश दे रहे हैं। लेकिन उनका यह निर्देश भी विद्युत विभाग के अधिकारियों की नजर में बौना साबित हो रहा है।

# सपा के बागी गौरीगंज विधायक की पदयात्रा पहुंची अयोध्या

अयोध्या (आरएनएस)। अमेठी जनपद के गौरीगंज क्षेत्र से सपा के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह की अयोध्या दर्शन पदयात्रा बुधवार शाम रामनगरी पहुंची। भारी संख्या में रामभक्त इस यात्रा में शामिल हुए हैं। प्रभु श्री राम के दर्शन करने को विधायक राकेश प्रताप सिंह की पदयात्रा कल ही अयोध्या जनपद की सीमा में प्रवेश कर चुकी है। विधायक ने रात्रि विश्राम स्थल घ् सत्यनाम कोटवा धाम रामनरेश रामरती शिक्षण संस्थान इनायतनगर से बुधवार की पदयात्रा शुरू की। दोपहर बाद पदयात्रा अयोध्या धाम स्थित साकेत पीजी कॉलेज पहुंची। इस दौरान कुसेहरा, मीठे गांव टोल प्लाजा, चमनगंज, कुचेरा, बारुन, अमौना–अयोध्या, सथरी रानी बाजार (शुक्लपुर), सरियांवा बाजार–अयोध्या, ग्यासपुर, प्रभात नगर, मऊ शिवाला, रानी बाजार, नाका बाईपास सहित सैकड़ों जगहों पर पदयात्रा का राम भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत–अभिनंदन किया। स्थानीय लोगों ने जगह –जगह जलपान की व्यवस्था, अल्पाहार की व्यवस्था जैसे विभिन्न सेवायें रामभक्तों के लिए की थीं।

# कीर्तिमानों का भी रिकार्ड गढ़ रही रामनगरी अयोध्या

अयोध्या (आरएनएस)। श्रीराम की नगरी अयोध्या कीर्तिमानों का भी एक रिकॉर्ड गढ़ रही है। अब तक यहां 15 दिन में दीपोत्सव से लेकर परिक्रमा तक में पांच रिकार्ड बन चुके हैं। अब छठवां रिकार्ड कार्तिक पूर्णिमा के मेले पर बनाकर अयोध्या कीर्तिमान का सिक्सर लगा सकता है। इसे लेकर पूरी अयोध्या नगरी में हर्ष का माहौल है। राममय वातावरण में साधु संतों से लेकर आम जन व श्रद्धालु भी इसका श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकार को दे रहे हैं। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर निर्माण की शिला रखी, उसके बाद मानो देश–विदेश में अयोध्या का डंका बजने लग गया। दीपोत्सव तो प्रदेश में योगी सरकार के आते ही शुरू हो गया था, लेकिन मंदिर निर्माण शुरू होने के बाद इसे और भी भव्य तरीके से मनाया जाने लगा। भव्य मंदिर में बाल रूप में श्रीराम के विराजमान होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में ऐतिहासिक दीपोत्सव मनाने का ऐलान कर दिया। यहां सरयू तट पर पांच दिन के भीतर ही तीन रिकार्ड बन गए। दो रिकार्ड सरयू आरती और दीपोत्सव के दीपों के मुख्यमंत्री खुद ही साक्षी थे।

# पराली व फसल अवशेष जलाने के नाम पर न हो किसानों का उत्पीड़न

## -भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने उप निदेशक कृषि डा. पी.के. कनौजिया को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या (आरएनएस)। भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल उपनिदेशक कृषि अयोध्या डा. पीके कनौजिया से मिलकर पराली एवं फसल अवशेष जलाने के नाम पर किसानों का उत्पीड़न न करने प्रदूषण को रोकने हेतु फैक्ट्रीयों व वाहनों को प्रतिबंधित करने की मांग किया गया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि पराली एवं फसल अवशेष जलाने के नाम पर किसानों को परेशान किया गया तो परिणाम भयंकर होंगे घनश्याम वर्मा ने कहा कि एक सर्वे के अनुसार फैक्ट्रीयों से 51 प्रतिशत वाहनों से 25 प्रतिशत अन्य घरेलू कार्यों से 11 प्रतिशत तथा कृषि से मात्र 8 प्रतिशत ही प्रदूषण फैलता है ऐसी स्थिति में यदि शासन प्रशासन वास्तव में प्रदूषण को रोकना चाहता है तो सबसे पहले फैक्ट्रीयों ,खटारा रेल इंजनों व खटारा सरकारी बसों को प्रबंधित करें। घनश्याम वर्मा ने कहा की फैक्ट्रियों तथा ईंट–भट्ठों को प्रदूषण से बाहर रखना किसी भी दशा में उचित नहीं है ऐसी दशा में प्रदूषण के नाम पर किसानों को परेशान करना अन्याय है। और अन्याय का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा, घनश्याम वर्मा ने कहां की जनपद अयोध्या के छोटे–छोटे किसान हैं जो कम क्षेत्रफल में धान की रोपाई करते हैं और जानवरों के चारा हेतु धान की कटाईअपने से हाथों से करते हैं ऐसी स्थिति में जनपद अयोध्या में पराली जलाने की समस्या ही नहीं है हां कुछ किसान खेत की सफाई करने हेतु फसल अवशेष को जलाते हैं जिनसे भी नाम मात्र का ही प्रदूषण फैलता है। यदि कृषि विभाग के अधिकारी की रिपोर्ट से शमशान, फैक्ट्रियों, ईंट–भट्ठे प्रदूषण से फ्री हो जाते हैं तो कृषि अधिकारी किसान के पक्ष में भी रिपोर्ट लगायें। प्रतिनिधि मंडल में शंकरपाल पांडेय, देवी प्रसाद वर्मा, संतोष वर्मा, कृष्ण प्रसाद वर्मा, मंजय वर्मा, आदि लोग शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले हुए प्रारम्भ

## -लोक सभा क्षेत्र के सभी 13 ब्लाकों में आयोजित की गई प्रतियोगिता

अयोध्या (आरएनएस)। मकबरा स्थित र्स्पोट्स स्टेडियम में लोकसभा स्तर पर प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले बुधवार को प्रारम्भ हुए। ब्लाक स्तर की प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता 4 सितम्बर को हुआ था। लोक सभा क्षेत्र के सभी 13 ब्लाकों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता टीमों के मध्य लोक सभा स्तर पर फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। जिसमें लोक सभा स्तर पर टीम को विजेता घोषित किया जाएगा।प्रतियोगिता का उद्घाटन सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास के महंत मिथिलेश नंदनी शरण महराज ने दीप प्रज्जवलन कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मार्ल्यापर्ण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता में कबड्डी की कुल 14 टीमें खेल रही है। जिसमें कुल 6 मैच खेले गए। बुधवार को पहला मैच दरियाबाद व पूरा बाजार के मध्य खेला गया। जिसमें पूरा बाजार विजेता रहा। दूसरा मैच पूरेडलई तथा बीकापुर के मध्य खेला गया। जिसमें बीकापुर विजेता रहा। तीसरा मैच मिल्कीपुर तथा सोहावल के बीच खेला गया। जिसमें सोहावल ने मैच जीता। पूरा बाजार द्वितीय तथा मसौधा के बीच खेले गए मैच में मसौधा विजयी रहा। अमानीगंज व बनीकोडर मैच में बनीकोडर विजेता रहा। छठवां मैच सोहावल व हैरिग्टनगंज के मध्य खेला गया। जिसमें हरिंगटनगंज विजेता बना।वालीबॉल की कुल 11 टीमें प्रतिभाग कर रही है। जिसमें बुधवार को 4 मैच खेले गए। पहला मैच हरिंगटनगंज व मसौधा के बीच खेला गया। जिसमें हैरिंगटनगंज विजेता रहा। दूसरा मैच मिल्कीपुर व पूराबाजार में हुआ। जिसमें मिल्कीपुर विजेता बना। तीसरा मैच अमानीगंज व दरियाबाद के बीच हुआ जिसमें दरियाबाद विजेता बना।

# संपादकीय

## भारत की विमान निर्माण के क्षेत्र में कदम सबसे बड़ी चुनौती

भारत ने जब विमान निर्माण के क्षेत्र में ऊंची महत्त्वाकांक्षा रखते हुए अब कदम रखा है, तो क्वालिटी और किफायत के पहलू उसके आगे सबसे बड़ी चुनौती हैं। बेशक, टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स में मौजूद प्रबंधक इस चुनौती से वाकिफ होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने गुजरात के वडोदरा में अति–महत्त्वाकांक्षी विमान परियोजना का उद्घाटन किया है। इसके तहत प्रतिस्पर्धी कीमत पर विमान या उसके पाट–पुर्जे बना कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतारना संभव हुआ, तो वह सचमुच एक बड़ी उपलब्धि होगी। श्टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स्य नाम से निर्मित इस परियोजना के तहत यूरोप की मशहूर विमान निर्माता कंपनी एयरबस और भारत के टाटा ग्रुप ने साझा उद्यम लगाया है। जाहिर है, इसमें तकनीक और विशेषज्ञता एयरबस लगाएगी, जबकि टाटा समूह स्थानीय ढांचे तथा कुशल कर्मियों का योगदान करेगा। बताया गया है कि यहां सी–295 सैन्य यातायात विमानों का उत्पादन होगा। 2021 में एयरबस डिफेंस और स्पैनिश कंपनी श्स्पेस एसए्य के साथ 56 सी–295 विमानों की सप्लाई के लिए 21,935 करोड़ रुपयों के समझौते पर भारत की ओर से हस्ताक्षर किए गए थे।

सूचनाओं के मुताबिक यहां आरंभिक 16 विमान तो स्पेन से मंगवाए जाएंगे, लेकिन उसके बाद 40 विमानों का यहीं पर उत्पादन होगा। विमानों की असेंबली, परीक्षण, डिलीवरी और मेंटेनेंस भी यहीं पर होगी। सांचेज ने एलान किया कि इस परिसर में पहला विमान 2026 में बन कर तैयार होगा। एयरबस यूरोपीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जिसका मुख्यालय फ्रांस में है। लेकिन इसमें अनेक यूरोपीय देशों के कारोबारियों का निवेश है। स्पेन उसका एक बड़ा उत्पादन स्थल है, हालांकि उसके पाट–पुर्जे यूरोप के कई देशों में तैयार होते हैं। अमेरिका की बोइंग और यूरोप की एयरबस– अब तक दुनिया में ये ही दो बड़ी विमान उत्पादक कंपनियां रही हैं। बोइंग के संकटग्रस्त होने के बाद एयरबस ने अपने कारोबार में बड़े उछाल की आस जोड़ी है।

हालांकि इस बीच चीन भी विमान निर्माण के बाजार में उतर चुका है। अपने घरेलू बाजार के अलावा इस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को कई देशों से ऑर्डर मिल चुके हैं। जैसा कि आम चलन है, चीनी उत्पाद किफायती पड़ते हैं और इसलिए बाजार में छा जाते हैं। भारत ने जब विमान निर्माण के क्षेत्र में ऊंची महत्त्वाकांक्षा रखते हुए अब कदम रखा है, तो यह पहलू उसके आगे सबसे बड़ी चुनौती है। बेशक, टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्पलेक्स में मौजूद प्रबंधक भी इस चुनौती से वाकिफ होंगे।

## अब बंटने और कटने का ख्याल है

तब अच्छे दिनों का ख्याल था। अब बंटने और कटने का ख्याल है। तब भारत में मध्यम वर्ग मजबूत था अब जर्जर और घटता हुआ है। तब दुनिया में उभरी हिंदू राजनीति पर कौतुक था, सम्मान और अभिनंदन था। कनाडा में मोदी के अभिनंदन का भारतीय महाकुंभ था। अब उसी कनाडा में हिंदू पीटते हुए हैं। तब वहां संसद में भी दिवाली थी, हिंदू मंदिरों में दीये थे अब हिंसा है। तब अमेरिका, ओबामा हिंदू राजनीति और मोदी को गले लगाते हुए थे अब उसी अमेरिका में दक्षिण एशियाई (भारत मूल के लोग अधिक) लोगों के खिलाफ हेटस्पीच (10 अक्टूबर 2024 की रायटर एजेंसी की विस्तृत रिपोर्ट) के नए रिकॉर्ड हैं। हिंदुओं के प्रति पक्षपात है। कमला हैरिस, निकी हेली, विवेक रामस्वामी आदि भारतीय मूल के नेताओं ने भी हिंदू और हिंदू वोटों से कन्नी काटी हुई है तो अमेरिकी संसद में दाखिल प्रस्ताव 1131 का भी फॉलोअप नहीं है। यह प्रस्ताव भारतीय मूल के सांसद थानेदार ने हिंदूफोबिया के खिलाफ रखा था। इससे अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमलों का जिक्र था।

इतना ही नहीं जनवरी 2023 से अगस्त 2024 के मध्य में अमेरिका के ऑनलाइन स्पेस में एशियाई (मोटा मोटी हिंदुओं) के खिलाफ घृणा नैरेटिव की संख्या 23 हजार से बढ़ 46 हजार थी। अमेरिका के सबसे बड़े प्रदेश कैलिफोर्निया में यहूदियों के बाद नफरती अपराध हिंदुओं के खिलाफ सर्वाधिक थे। इस्लामोफोबिया तीसरे नंबर पर था।

पर कनाडा और अमेरिका में ही क्यों ब्रिटेन में भी ऋषि सुनक के फिनोमीना के बावजूद लिस्टर में हिंदू बनाम पाकिस्तानियों की हिंसा के बाद हिंदुओं के खिलाफ माहौल है। हालांकि वहां अब फिलस्तीन–इजराइल के झगड़े के शोरगुल के चलते हिंदुओं से ध्यान हटा होना चाहिए था। लेकिन हिंदुओं के प्रति दुराव बना हुआ है। ऋषि सुनक का ग्राफ भी पैंदे पर है।

हिंदू 2014 में भारत से भागते हुए नहीं थे। इन दस वर्षों में अंबानी ने ब्रिटेन में मकान बनाया है तो तमाम अरबपतियों के भारत छोडने, भारत का पासपोर्ट छोडने की खबरें हैं। वहीं गुजरात, पंजाब से रिकॉर्डतोड़ गुजरातियों, सरदारों के मैक्सिको के रास्ते से अवैध रूप से अमेरिका में घुसने के भी आंकड़े हैं।

2014 में दुनिया में हिंदूफोबिया शब्द प्रचलित नहीं था। अब है। तब इस्लामोफोबिया में मुसलमानों सें नफरत थी अब मोदी सरकार के राजकाज, अनुभवों के चलते हिंदूफोबिया फैला है। और हिंदुओं से नफरत है!

2014 में बांग्लादेश में हिंदुओं की पिटाई नहीं थी, आज है। तब नेपाल में हिंदू बेगाने नहीं थे अब हैं। दक्षिण एशिया में तब नरेंद्र मोदी और हिंदू राज का सम्मान था। अब मखौल और उपेक्षा है।

वैश्विक स्थिति की एक रिपोर्ट के इन वाक्यों पर गौर करें– जुलाई में हिंदूफोबिक कोड वर्ड और मीम्स पर संकेत रिकॉर्ड ऊंचाई पर था। यह जमीनी तौर पर हिंसा भड़का सकता है।ज. दुर्भाग्य से, हिंदू आबादी के लिए इसमें कुछ भी नया नहीं है। तब नया क्या है? सोशल मीडिया पर अब हिंदुओं के प्रति नफरत भरे संदेश साझा किए जा रहे हैं।

# कहीं सियासी रूप तो नहीं लेता जा रहा है प्रयागराज का छात्र आंदोलन

अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की। मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे थे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा था कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं।लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही पीसीएस व आरओध्एआरओ प्रारंभिक परीक्षा में मानकीकरण (नॉर्मलाइजेशन) को लेकर छात्र जो आंदोलन कर रहे हैं,वह कहीं राजनैतिक रूप तो नहीं लेता जा रहा है। विपक्ष छात्रों के गुस्से को योगी सरकार के खिलाफ सियासी हथियार तो नहीं बना रहा है। ऐसा इस लिये लग रहा है क्योंकि छात्रों की जो मांगे हैं वह तर्कसंगत कम जिद्द वाली ज्यादा हैं। इतना ही नहीं छात्रों के प्रदर्शन में वह ताकतें भी नजर आ रही है जो किसी तरह से छात्र–छात्राएं नजर नहीं आ रहे हैं। विपक्ष भले योगी सरकार के खिलाफ इसको सियासी मोहरा बना रहा हो, लेकिन इस आंदोलन को लेकर शिक्षाविदों की राय अलग है।कई शिक्षाविदों और विषय विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी तरह के विरोध में से पहले छात्रों को प्रक्रिया को समझना जरूरी है। विरोध में सीधे सड़क पर उतर आना ठीक नहीं है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक रहे प्रो. योगेश्वर तिवारी का कहना है कि आंदोलित छात्रों को मानकीकरण की प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने के उपरांत ही कोई निर्णय लेना चाहिए। शिक्षाविद और काउंसलर डॉ. अपूर्वा भार्गव का कहना है कि मानकीकरण की प्रक्रिया का विरोध अगर इस आधार पर किया जा रहा है कि सरल और कठिन प्रश्नों के पूछे जाने से समान लाभ सबको नहीं मिलेगा तो यह उचित नहीं है। प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाओं में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता हमेशा से रही है, ताकि इस सेवा के योग्य अभ्यर्थियों को इसमें स्थान मिल सके। मानकीकरण की प्रक्रिया भी इसी परीक्षा में गुणात्मक सुधार का एक प्रयास है। पहले से कई राज्यों में यह प्रणाली अमल में लाई जा रही है, इस आधार पर भी इसे लागू करने का विरोध समझ से परे है।उधार, आयोग के बाहर चल रहे प्रदर्शन के दौरान सरकारी बैरियर व कोचिंग का बोर्ड तोड़ने पर 12 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें से दो नामजद अभिषेक शुक्ला और राघवेन्द्र व अन्य अज्ञात आरोपी हैं। उधर, माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने पर 10 को हिरासत में लिया गया है, जिनसे देर रात तक पूछताछ जारी है। जबकि आज तीसरे दिन भी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अभ्यर्थियों का उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन जारी है। वे मांग कर रहे हैं कि पीसीएस और आरओध्एआरओ परीक्षाएं एक दिन और एक शिफ्ट में आयोजित की जाएं।इससे पहले, प्रयागराज में धरना स्थल पर मंगलवार को ड्रम और नगाड़ों के शोर में यह नारा गूंजता रहा– जुड़ेंगे और जीतेंगे भी। अभ्यर्थियों ने नॉर्मलाइजेशन के खिलाफ आयोग पर तंज कसते हुए पोस्टर के जरिये पदों की रेट लिस्ट भी जारी की। मंगलवार सुबह पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा अभ्यर्थियों के बीच पहुंचे थे और उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा था कि वह भी कभी प्रतियोगी छात्र रहे हैं। नियम



कानून से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि आयोग के सामने से उठें और उनके साथ सिविल लाइंस स्थित धरना स्थल पर चलें, क्योंकि इससे रास्ता बंद हो गया है और आम लोगों को दिक्कत तो रही है,लेकिन छात्र अपनी जिद्द पर अड़े हुए हैं।

# न्यूरोप्लास्टिटी यानी पापकार्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़जाल में है आज की पीढ़ी

दरअसल पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वांशिगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोधा कर रहे डेविड लेवी ने उपयोग किया था। यह एक तरह से इस तरह की मानसिकता को दर्शाते हुए किया गया था कि मन का स्थिर नहीं रहना। आज की पीढ़ी तेजी से न्यूरोप्लास्टिसिटी यानी कि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम के मकड़ जाल में उलझती जा रही है। मजे की बात यह है कि इसमें हम केवल और केवल बच्चों या युवाओं को ही दोष नहीं दे सकते बल्कि देखा जाए तो इंटरनेट और सोशियल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रभाव से ग्रसित लोग इन हालातों से दो चार होते जा रहे हैं। चिंतनीय यह है कि फोकस नाम की चीज खोती जा रही है और उसके स्थान पर मानसिक भटकाव लेता जा रहा है। होता यह है कि एक काम करने की सोचते हैं उतनी देर में दूसरे काम पर ध्यान चला जाता है तो कुछ ही देर में तीसरे काम को पहले करने की सोचने लगते हैं। इस सबका बड़ा कारण खासतौर से इलेक्ट्रोनिक गजेट्स और लेपटॉप के माध्यम से इंटरनेट की दुनिया को अत्यधिक समय देने का यह साइड इफेक्ट होने लगा है। टीवी पर बार बार चौनल बदलना, एक गाने को पूरा होने से पहले ही दूसरे गाने को लगा देना, मस्तिष्क में एक ही समय कई चीजों का चलना आदि पॉपकॉर्न ब्रेन सिंड्रोम की निशानी है। चिकित्सकीय भाषा में कहा जाए तो यह एडीएचडी यानी कि अटेंशन डेफिसिट हाईपरएक्टिविटी डिस आर्डर की स्थिति होती है। बिना सोचे समझे रिएक्शन, तनाव, काम में फोकस नहीं कर पाना, डिप्रेशन में रहना आदि का कारण मोटे रुप से पॉपकॉर्न ब्रेन के रुप में देखा जा सकता है।दरअसल पॉपकॉर्न ब्रेन शब्द का उपयोग 2011 में वांशिगटन विश्वविद्यालय में उस समय शोध कर रहे डेविड लेवी ने उपयोग किया था। यह एक तरह से इस तरह की मानसिकता को दर्शाते हुए किया गया था कि मन का स्थिर नहीं रहना। एक तरह से भ्रमित मानसिकता भी इसे कहा जा सकता है। मजे की बात यह है कि जिस तरह से पॉपकॉर्न ब्रेन का विस्तार होता जा रहा है यानी कि जिस तरह से अधिक से अधिक लोग इसके मकड़जाल में उलझते जा रहे हैं वह अपने आप में गंभीर होने के साथ ही अत्यधिक चिंतनीय भी है। एक दो नहीं इन हालातों का पूरे समाज पर असर पड़ रहा है। आज दूधा पीते बच्चे को भी मोबाईल थमाकर शांत रखने की प्रवृति आम होती जा रही है उसके दुष्परिणाम सामने आने में देर नहीं लगेगी। बच्चें हाईपर होते जा रहे हैं। जब बच्चों में ही यह होने लगा है तो रातदिन जिस तरह से सोशियल मीडिया के प्लेटफार्म में लगे रहते हैं उनकी क्या मनोदशा हो जाएगी यह किसी से छुपी हुई नहीं होनी चाहिए। मनोविश्लेषकों के अनुसार यह एक तरह की न्यूरोप्लास्टिसिटी है। देखा जाए तो एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशियल मीडिया और

# गंगा का मैल सख्ती व जवाबदेही से ही दूर होगा

कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश–दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। गंगा की सफाई, उसे प्रदूषण मुक्त करने एवं नदियों के माध्यम से आर्थिक विकास, धार्मिक आस्था एवं पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने की दृष्टि से वर्तमान उत्तरप्रदेश सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तमाम प्रयासों के बावजूद गंगा आज भी मैली क्यों है? यह सवाल सरकार के नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए लंबे समय से चल रही तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों की पोल खोलते हैं। सरकार की ओर से घोषणाएं करने में शायद ही कभी कमी की जाती है, मगर उन पर अमल को लेकर कहां चूक या लापरवाही बरती जा रही है, इस पर गौर करना कभी जरूरी नहीं समझा जाता। यह गौर करना राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की उस टिप्पणी के कारण भी जरूरी हो गया है, जिसमें कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा का पानी इतना प्रदूषित हो गया है कि वह आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। एनजीटी का यह खुलासा इसलिये भी चिंता बढ़ाने वाला है क्योंकि कुछ ही माह बाद यानी जनवरी 2025 की पौष पूर्णिमा से प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत होने वाली है। कुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और अखाड़ों की सक्रियता बढ़ गई है। महाकुंभ को लेकर देश ही नहीं विदेश में भी खूब चर्चा होती है। यदि गंगाजल की गुणवत्ता को लेकर ऐसे ही सवाल उठते रहे तो देश–दुनिया में अच्छा संदेश नहीं जाएगा। सवाल इस बात को लेकर भी उठेंगे कि विभिन्न सरकारों द्वारा शुरू की गई अनेक महत्वाकांक्षी व भारी–भरकम योजनाओं के बावजूद गंगा को साफ करने में हम सफल क्यों नहीं हो पाए हैं। आखिर कौन है गंगा को प्रदूषित करने के गुनहगार? सरकारों को यह समझना होगा कि उसे केवल गंगा को साफ ही नहीं करना, बल्कि उसकी निर्मलता एवं अविरलता के लिये एक अनूठा उदाहरण भी पेश करना है। ऐसा करके ही देश की अन्य नदियों को भी प्रदूषणमुक्त करने की दिशा में सकारात्मक वातावरण निर्मित किया जा सकेगा। यह जानकारी भी सामने आई कि उत्तरकाशी में सुरंग के निर्माण के कारण ढेघ्र बने मलबे एवं कचरे को गंगा नदी के किनारे डाल दिया गया। औद्योगिक कारखानों का जहरीला कचरा ही नहीं बल्कि सरकार की अन्य विकास योजनाएं ही गंगा को प्रदूषित करने का जरिया बन रही है, जो अधिक शर्मनाक एवं चिन्ताजनक है। गंगा नदी एवं अन्य नदियों में उद्योगों से विभिन्न रसायन, चीनी मिल, भट्टी, ग्लिस्रिन, टिन, पेंट, साबुन, कताई, रेयान, सिल्क, सूत, प्लास्टिक थेलियां–बोतले आदि जहरीला कचरा बड़ी मात्रा में सरकार की चेतावनियों के बावजूद मिल रहा है। गंगा कायाकल्प का दृष्टिकोण 'अविरल धारा' (सतत प्रवाह), 'निर्मल धारा' (प्रदूषणरहित प्रवाह) को प्राप्त करके और भूगर्भीय और पारिस्थितिक अखंडता को सुनिश्चित करके नदी की अखंडता को बहाल करने की समग्र योजना और रखरखाव के बावजूद गंगा लगातार प्रदूषित हो रही है। जबकि सरकार क्रॉस–सेक्टोरल सहयोग को प्रोत्साहित करने वाली नदी बेसिन रणनीति को लागू करके गंगा नदी के प्रदूषण को समाप्त करने और पुनरोद्धार को सुनिश्चित करने की दिशा में काम कर रही है। यह पानी की गुणवत्ता और पारिस्थितिक रूप से जिम्मेदार विकास को बनाए रखने की दृष्टि से गंगा नदी में न्यूनतम जैविक प्रवाह भी सुनिश्चित करता है। वर्ष 2014 से गंगा की सफाई का महत्वाकांक्षी अभियान 'नमामि गंगे' में अब तक करीब चालीस हजार करोड़ की लागत से गंगा की सफाई की करीब साढ़े चार सौ से अधिक परियोजनाएं आरंभ भी की गई हैं। इस परियोजना के अंतर्गत गंगा के किनारे स्थित शहरों में सीवर व्यवस्था को दुरुस्त करने, उद्योगों द्वारा बहाये जा रहे अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण के लिये शोधन संयंत्र लगाने, गंगा तटों पर वृक्षारोपण, जैव विविधता को बचाने, गंगा घाटों की सफाई के लिये काफी काम तो हुआ लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आए हैं। जो हमें बताता है कि जब तक समाज में जागरूकता नहीं आएगी और नागरिक अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं करेंगे, गंगा मैली ही रह जाएगी। अधिकारियों की लापरवाही या फिर गड़बड़ियों की वजह से किसी बड़ी और बेहद महत्वपूर्ण पहलकदमी का भी हासिल शून्य कैसे हो सकता है, इसका उदाहरण गंगा का प्रदूषण है। दरअसल, लगातार बढ़ती जनसंख्या का दबाव और गंगा तट पर स्थित शहरों में योजनाबद्ध ढंग से जल निकासी व सीवरेज व्यवस्था को अंजाम न दिये जाने से समस्या विकट हुई है। गंगा को साफ करने के लिये जरूरी है कि स्वच्छता अभियान एक निरंतर प्रक्रिया हो। एक बार की सफाई निष्प्रभावी हो जाएगी यदि हम प्रदूषण के कारकों को जड़ से समाप्त नहीं करते। इसके लिये गंगा के तट वाले राज्यों में पर्याप्त जलशोधन संयंत्र युद्ध स्तर पर लगाए जाने चाहिए। साथ ही गंगा सफाई अभियान की नियमित निगरानी होनी चाहिए। इसमें आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जाना चाहिए। लोगों को बताया जाना चाहिए कि गंगा सिर्फ नदी नहीं है यह खाद्य शृंखला को संबल देने वाली तथा हमारी आध्यात्मिक यात्रा से भी जुड़ी है। गंगा में जहरीला कचरा बहाने वाले उद्योगों पर भी आर्थिक दंड लगाना चाहिए। इसी से यह उम्मीद की जा सकती है कि इसके जरिए मानव सभ्यता के लिए एक बेहद जरूरी नदी में फिर से जीवन भर सकेगा। वास्तव में गंगा एक संपूर्ण संस्कृति की वाहक रही है, जिसने विभिन्न साम्राज्यों का उत्थान–पतन देखा, किंतु गंगा का महत्व कम न हुआ। आधुनिक शोधों से यह भी प्रमाणित हो चुका है कि गंगा की तलहटी में ही उसके जल के अद्भुत और चमत्कारी होने के कारण मौजूद है। यद्यपि औद्योगिक विकास ने गंगा की गुणवत्ता को दूषित किया है, किन्तु उसका महत्व यथावत है। उसका महात्म्य आज भी सर्वोपरि है। गंगा स्वयं में संपूर्ण संस्कृति है, संपूर्ण तीर्थ है, उन्नत एवं समृद्ध जीवन का आधार है, जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है।'नमामि गंगे' परियोजना व स्वच्छ गंगा हेतु राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्रदेश में गंगा किनारे के 1,604 गांवों में 3,88,340 शौचालयों का निर्माण करवाकर उन्हें खुले में शौच से मुक्त गांव घोषित किया गया और नदी किनारे एक करोड़ 30 लाख पौधों का रोपण किया गया। गंगा को निर्मल बनाने के लिए घाट, मोक्षधाम, बायो डायवर्सिटी आदि से जुड़े 245 प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है। गंगा की 40 सहायक नदियों में प्रदूषित जल का प्रवेश रोकने के लिए दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार में 170 परियोजनाओं पर काम चल है। एक और राहत की खबर जो उम्मीद की किरण बन कर सामने आयी है कि गंगा में विषाक्त कचरा उड़ेलने वाली औद्योगिक इकाइयों में कमी आ रही हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी खास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है।

वृष राशि–
आज का दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाइम करना पड़ेगा। रुपए–पैसों के मामले में लापरवाही न करें।

मिथुन राशि–
आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

सिंह राशि
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है।

कन्या राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

तुला राशि–
आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी के साथ अनबन आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन मिला–जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं।

धनु राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं।

मकर राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आपके दोस्त आपसे मदद की गुहार करेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा।

कुंभ राशि–
आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी भी योजनाएं बनाएंगे जिससे आपको फायदा ही फायदा होगा। आज अधिकतम समय आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे।

मीन राशि–
आज परिवार का पूरा साथ मिलेगा। जो लोग बैंक में कार्य करते हैं वो आज अपना काम बहुत जल्द निपटा लेंगें। लवमेट आज साथ में समय बिताएंगे। सामाजिक कामों में अपना योगदान देने से आपकी पहचान बढ़ेगी।

# बाइडन यूक्रेन युद्ध को अगले साल जारी रखने के लिए भेज रहे हैं सहायता ब्लिंकन

रक्षा मंत्रालय पेंटागन के बयान के एक दिन बाद किया है जिसमें दावा किया गया है कि रूस मदद के लिए आए अधिकांश उत्तर कोरियाई सैनिकों को कुर्स्क सीमा क्षेत्र में रूसी धरती से यूक्रेन की सेना को खदेड़ने के लिए तैनात किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि बाइडन प्रशासन अपने कार्यकाल के अंतिम महीनों में यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है कि यूक्रेन के पास रूस की आक्रमकता का अगले साल भी मुकाबला करने के संसाधान उपलब्ध रहें।उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशान यूक्रेन को यथासंभव सहायता भेज रहा है ताकि वह रूसी सेना को रोक सके और किसी भी संभावित शांति वार्ता में मजबूत स्थिति में हो। ब्लिंकन ने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं कि हमारे पास उपलब्ध प्रत्येक डॉलर को अब से लेकर 20 जनवरी के बीच यूक्रेन भेज दिया जाए।''अमेरिका के नए राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेंगे। ब्लिंकन ने ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान कहा, नाटो देशों को अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यूक्रेन के पास 2025 में प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए धन, गोला–बारूद और सैन्य बल हों ताकि वह मजबूत स्थिति में शांति वार्ता करने को सक्षम हो।''इस बीच, रूस ने 73 दिनों के बाद पहली बार बुधवार को यूक्रेन की राजधानी कीव को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाया। रूस ने यह हमला अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन के बयान के एक दिन बाद किया है जिसमें दावा किया गया है कि रूस मदद के लिए आए अधिकांश उत्तर कोरियाई सैनिकों को कुर्स्क सीमा क्षेत्र में रूसी धरती से यूक्रेन की सेना को खदेड़ने के लिए तैनात किया है।



# अदालत ने अवैध रूप से जमा होने के मामले में इमरान खान और उनके करीबी सहयोगियों को बरी किया

इस्लामाबाद के आबपारा पुलिस थाने में दर्ज किया गया था, जिसमें पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान लोक व्यवस्था के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।इमरान खान को राहत देते हुए पाकिस्तान की एक अदालत ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री और उनके करीबी सहयोगियों को अवैध रूप से जमा होकर कानून का उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया।इस्लामाबाद की एक जिला एवं सत्र अदालत ने आरोपों को खारिज करते हुए खान, शेख रशीद, असद कैसर, सैफुल्ला नियाजी, सदाकत अब्बासी, फैसल जावेद और अली नवाज को बरी कर दिया। अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख रशीद को खान के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान गृह मंत्री नियुक्त किया गया था।न्यायिक मजिस्ट्रेट यासिर महमूद ने एम्प्लीफायर अधिनियम और अन्य कानून का उल्लंघन करने के आरोपों को खारिज कर दिया। यह मामला 20 अगस्त 2022 को इस्लामाबाद के आबपारा पुलिस थाने में दर्ज किया गया था, जिसमें पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ पार्टी के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के दौरान लोक व्यवस्था के उल्लंघन का आरोप लगाया गया था।यह मामला खारिज होना खान के लिए राहत की बात है जो पिछले साल अगस्त से जेल में बंद हैं। अप्रैल 2022 में खान की सरकार गिरने बाद से उनके खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज किए गए हैं।



# दिनों से आपस में युद्ध लड़ रहे, झुकने को कोई तैयार नहीं, आखिर क्या होगा अंजाम ?

ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि उत्तर कोरिया ने रूस के साथ पारस्परिक रक्षा संधि की पुष्टि की है, जिस पर दोनों देशों के नेताओं ने जून में हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि यह संधि सशस्त्र हमले के मामले में प्रत्येक पक्ष को दूसरे की सहायता के लिए आने का आह्वान करती है।प्रभासाक्षी न्यूज नेटवर्क के खास कार्यक्रम शौर्य पथ में इस सप्ताह हमने ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से जानना चाहा कि रूस–यूक्रेन रह–रह कर एक दूसरे पर हमले बढ़ा रहे हैं। इस बीच रूस और उत्तर कोरिया ने रक्षा संबंधी संधि का नवीनीकरण भी कर लिया है। अब यह युद्ध अपने 1000 दिन भी पूरे करने जा रहा है। आगे के परिदृश्य को कैसे देखते हैं आप? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि आजकल युद्ध बंद नहीं होने के लिए शुरू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ताजा जानकारी यह है कि रूसी गोलाबारी में मध्य यूक्रेन के निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के निकोपोल शहर में दो लोगों की



मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र के क्रिवी रिह में एक आवासीय इमारत पर रूसी मिसाइल हमले में एक महिला की मौत हो गई और 14 नागरिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि इसके अलावा खबर है कि रूस के रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि रूसी सेना ने यूक्रेन के पूर्वी खार्किव क्षेत्र में कोलिस्नीकिव्का की बस्ती पर कब्जा कर लिया है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि इस युद्ध में यह भी महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन की सेनाएं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में लगभग 50,000 दुश्मन सैनिकों से लड़ रही हैं। इस बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन पूर्व में पोक्रोव्स्क और कुराखोव मोर्चों पर अपनी स्थिति को ष्काफी मजबूतष् कर रहा है जहां सबसे सक्रिय लड़ाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इसी बीच यह भी खबर है कि यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा है कि यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को युद्ध के लिए 980,000 से अधिक गोलों की आपूर्ति की है और इस साल के अंत तक इसके 1 मिलियन का आंकड़ा पार करने की योजना है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने साथ ही कहा कि उत्तर कोरिया ने रूस के साथ एक पारस्परिक रक्षा संधि की पुष्टि की है, जिस पर दोनों देशों के नेताओं ने जून में हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि यह संधि सशस्त्र हमले के मामले में प्रत्येक पक्ष को दूसरे की सहायता के लिए आने का आह्वान करती है। उन्होंने कहा कि युद्ध के मोर्चे पर एक और अहम खबर यह है कि क्रेमलिन ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थी। उन्होंने कहा कि यह खंडन तब आया है जब अज्ञात सूत्रों ने दावा किया था कि ट्रम्प ने पुतिन को कॉल पर कहा था कि मॉस्को को यूक्रेन में अपना युद्ध नहीं बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में फिलहाल यही संकेत मिल रहे हैं कि इसका अंत दूर दूर तक नजर नहीं आ रहा है। रूसी सेना लगातार आगे बढ़ रही है और अपने लक्ष्य को हासिल करने तक वह ऐसा करती रहेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध में कोई नया मोड़ डोनाल्ड ट्रंप के औपचारिक रूप से अमेरिका की कमान संभालने के बाद ही संभव दिखता है।

# शहबाज शरीफ हो गए लापता, पाकिस्तान के पीएम को दूरबीन लेकर ढूंढ़ने लगे लोग


फोटो में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ महत्वपूर्ण देशों के लीडर तो पीछे की लाइन में पाकिस्तान के वजीर ए आजम खड़े दिखाई दिए। बड़ी मुश्किल से उनका चेहरा दिखाई दे रहा था। तस्वीर में ऐसा लग रहा था कि मानो शहबाज अपना चेहरा दिखाने के लिए किसी तरह अपने सामने के लीडर की बगल से झांक रहे हैं। दुनिया के किसी भी मंच पर किसी भी देश के राष्ट्राध्यक्ष की हैसियत को मांपने का एक मीटर निर्धारित होता है। इसे ग्रुप फोटोग्राफ कहा जाता है। इन सब के बीच एक तस्वीर की चर्चा खूब हो रही है, इस तस्वीर में पाकिस्तान के वजीर–ए–आलम भी मौजूद हैं। हालांकि उन्हें ढूंढ़ने के लिए पाकिस्तानियों को भी दूरबीन का सहारा लेना पड़ेगा। असर में सऊदी अरब में एक समित हुई। इस दौरान



पाकिस्तानी पीएम को पीछे की लाइन में खड़ा कर दिया गया। जिसके बाद मजाकिया लहजे में कहा जाने लगा कि रियाद पहुंचते ही पाकिस्तान के पीएम लापता हो गए। सऊदी अरब के रियाद में फिलिस्तीन को लेकर अरब इस्लामिक समिट हुई। इसमें इस्लामिक देशों के टॉप लीडर शामिल हुए। शहबाज शरीफ भी समित में हिस्सा लेने के लिए सज धज कर रियाद पहुंचे। लेकिन जब ग्रुप फोटो आई तो पाकिस्तान की हैसियत सामने आई। फोटो में सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ महत्वपूर्ण देशों के लीडर तो पीछे की लाइन में पाकिस्तान के वजीर ए आजम खड़े दिखाई दिए। बड़ी मुश्किल से उनका चेहरा दिखाई दे रहा था। तस्वीर में ऐसा लग रहा था कि मानो शहबाज अपना चेहरा दिखाने के लिए किसी तरह अपने सामने के लीडर की बगल से झांक रहे हैं। इस समिट में 50 से ज्यादा देशों के नेताओं ने हिस्सा लिया और साथ ही तस्वीर भी खिंचवाई। लेकिन शहबाज शरीफ मुस्लिम देश में भी वर्ल्ड लेवल की हो रही कॉन्फ्रेंस में ही किनारे लगा दिए गए। ये देख कर पाकिस्तानियों को शर्मिंदगी महसूस हो गई। दरअसल, पाकिस्तानियों ने सोचा कि अरब इस्लामिक समिट है इसलिए अरब देशों को आगे खड़ा किया गया। लेकिन सच्चाई ये है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पहली लाइन में हैं। तुर्कीए के राष्ट्रपति उनके साथ खड़े हैं। यहां तक की सेंट्रल एशिया के लीडर भी उनसे बेहतर पोजीशन पर खड़े हैं।

# चीन में 62 साल के बूढ़े ने लोगों पर अचानक क्यों दौड़ाई कार, जिनपिंग ने दिया ये आदेश

यह घटना ऐसे समय हुई जब चीन ने अपना छह दिवसीय बहुचर्चित एयर शो शुरू किया। इसमें विदेशी मीडिया के अलावा कई विदेशी नागरिक भी शामिल हो रहे हैं। घटनास्थाल एयर शो के स्थान से करीब 40 किलोमीटर दूर है। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक उन्होंने निर्देश दिया है कि अपराधी को कानून के अनुसार कड़ी सजा दी जाए।चीन के झुहाई शहर में 62 साल के बुजुर्ग ने कार से कई लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में 35 लोगों की मौत हो गई और 43 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने फैन नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी तलाक के बाद पत्नी के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर नाराज था। चीन झुहाई घटना गंभीर घायल दक्षिणी चीन के झुहाई में यह घटना स्पोर्ट सेंटर के पास हुई, जहां लोग एक्सरसाइज करने पहुंचे थे।यह घटना ऐसे समय हुई जब चीन ने अपना छह दिवसीय बहुचर्चित एयर शो शुरू किया। इसमें विदेशी मीडिया के अलावा कई विदेशी नागरिक भी शामिल हो रहे हैं। घटनास्थाल एयर शो के स्थान से करीब 40 किलोमीटर दूर है। घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक उन्होंने निर्देश दिया है कि अपराधी को कानून के



अनुसार कड़ी सजा दी जाए। शी ने सभी स्थानीय लोगों और संबंधित प्राधिकारियों से इस मामले से सबक लेने तथा शुरुआत में खतरे को कम करने और नियंत्रण को मजबूत करने का निर्देश दिया है। चीन के प्रधानमंत्री ली क्वींग ने घटना के बाद की स्थिति से उचित तरीके से निपटने, मामले की शीघ्र जांच करने तथा कानून के अनुसार अपराधी को कड़ी सजा देने का आह्वान किया है। हाल के महीनों में चीन में समय–समय पर कार से रौंदने और नागरिकों पर चाकू से हमले आदि की घटनाएं हुई हैं। सुरक्षा अधिकारी अक्सर इन घटनाओं के लिए असंतुष्ट तत्वों को दोषी ठहराते हैं। चीन के मध्य हुनान प्रांत की राजधानी चांगशा शहर में जुलाई मे एक वाहन ने पैदल यात्रियों को रौंद दिया था जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए थे।

# 50 सेकंड में आधा देश निगल गया इजरायल, नेतन्याहू की 21 गांवों को खाली करने की वार्निंग


लेबनान ने कहा कि इजरायली हमलों में अलग–अलग इलाकों में 33 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने हमलों में हिजबुल्लाह का गढ़ कहे जाने वाले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के साथ–साथ उन इलाकों को भी निशाना बनाया, जहां इस गुट का प्रभाव नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बेरूत के दक्षिण में चौफ क्षेत्र के एक शहर पर हुए हमले में ही 15 लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। इजरायल ने साउथ लेबनान के 21 गांव को खाली करने की वार्निंग जारी की है। अपने देश के लोगों की सुरक्षा के लिए कोई देश किस हद तक जा सकता है वो इजरायल ने 50 सेकेंड में बता दिया है। गुस्से में बेकाबू हो चुके इजरायल ने पूरा गाजा और आधा लेबनान साफ कर दिया है। इजरायल ने लेबनान पर एक और भीषण हमला किया है। राजधानी बेरूत में इजरायली सैनिकों ने एक घर को निशाना बनाया। दक्षिण बेरूत में धुएं और धूल के बादल उठते दिख रहे हैं। यह लगातार दूसरा दिन है जब लेबनान की राजधानी पर हवाई हमले हुए हैं। वहीं लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर रॉकेट से अटैक किया गया है। हिजबुल्लाह के रॉकेट से किए हमले में इजरायल के उत्तरी शहर नाहरिया में दो लोगों की मौत हुई है। इजरायली अधिकारियों ने दो मौतों की पुष्टि करते हुए कहा कि लेबनान की धरती से ये रॉकेट दागे गए थे। लेबनान ने कहा कि इजरायली हमलों में अलग–अलग इलाकों में 33 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने हमलों में हिजबुल्लाह का गढ़ कहे जाने वाले बेरूत के दक्षिणी उपनगरों के साथ–साथ उन



इलाकों को भी निशाना बनाया, जहां इस गुट का प्रभाव नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि बेरूत के दक्षिण में चौफ क्षेत्र के एक शहर पर हुए हमले में ही 15 लोगों की मौत हो गई। इनमें आठ महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। इजरायल ने साउथ लेबनान के 21 गांव को खाली करने की वार्निंग जारी की है। अधिकारियों के मुताबिक, गाजा के उत्तरी शहर बेत हनून में एक घर पर मंगलवार को हुए हमले में 15 लोग मारे गए, जिनमें अल जजीरा के पत्रकार होसम शबात के रिश्तेदार भी शामिल हैं, जो उत्तरी क्षेत्र से रिपोर्टिंग कर रहे थे। कमल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू सफिया ने बताया कि हमले में बतौर चिकित्सक कार्यरत मोहम्मद शबात, उनकी पत्नी दीमा एवं बेटी एलिया की मौत हो गई। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि मध्य और दक्षिणी गाजा में हमलों में 20 अन्य लोग मारे गए।

# रूस की बची सप्लाई समय पर नहीं दे पायेगा भारत की रक्षा पर पड़ेगा असर!


ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भारत रूसी एस–400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों के लिए काफी समय से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि यह इंतजार और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में डिलीवरी 2025 तक होने की उम्मीद थी।प्रभासाक्षी न्यूज नेटवर्क के खास कार्यक्रम शौर्य पथ में इस सप्ताह हमने ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से जानना चाहा कि ऐसी रिपोर्ट हैं कि रूस–यूक्रेन युद्ध के चलते भारत को रूस से एस–400 की आपूर्ति में तीन साल का विलंब होगा और परमाणु पनडुब्बी की आपूर्ति भी अनिश्चितकाल के लिए टल गयी है, इस पर आपका क्या कहना है? हमने यह भी पूछा कि रूस के उप प्रधानमंत्री भारत आये और दोनों देशों ने वायु रक्षा को मजबूत बनाने के लिए 'पैंट्सिर वेरिएंट' समझौते पर हस्ताक्षर किये, इससे भारत को क्या लाभ होगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि युद्ध के लंबा खिंचने से रूस की ओर से विभिन्न देशों के साथ किये गये रक्षा समझौतों पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि भारत का एअर डिफेंस सिस्टम इतना मजबूत नहीं रहा है और वर्तमान में जिस तरह के संघर्ष चल रहे हैं उसको देखते हुए भारत को अपनी वायु रक्षा प्रणाली को तुरंत मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह प्रकरण यह भी दर्शाता है कि रक्षा क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता कितनी जरूरी है।ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि भारत रूसी एस–400 वायु रक्षा प्रणाली की शेष दो इकाइयों के लिए काफी समय से इंतजार



कर रहा है। माना जा रहा है कि यह इंतजार और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में डिलीवरी 2025 तक होने की उम्मीद थी, लेकिन अब इसके 2026 की शुरुआत तक मिलने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि यह देरी ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्रीय सुरक्षा तनावपूर्ण बनी हुई है, खासकर चीन के साथ उत्तरी सीमा पर। उन्होंने कहा कि–400 वायु रक्षा प्रणाली की खरीद, जिसे दुनिया में सबसे उन्नत में से एक माना जाता है, को 2018 में अंतिम रूप दिया गया था जब भारत और रूस ने पांच इकाइयों के लिए 5.43 बिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने कहा कि यह प्रणाली 400 किमी तक की दूरी पर विमान, ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों सहित कई हवाई खतरों को ट्रैक करने और उन्हें बेअसर करने में सक्षम है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि पहली–400 दिसंबर 2021 में भारत पहुंची थी। इसके बाद अगले दो वर्षों में दूसरी और तीसरी इकाइयों की डिलीवरी और परिचालन शुरू होना था ताकि पश्चिमी और पूर्वी दोनों क्षेत्रों में भारत की रक्षा स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों को शामिल करना भारत की वायु रक्षा ग्रिड को मजबूत करने में महत्वपूर्ण रहा है, खासकर पाकिस्तान और चीन जैसे विरोधियों से संभावित हवाई खतरों को देखते हुए। उन्होंने कहा कि पहले कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न व्यवधानों के कारण डिलीवरी में देरी हुई उसके बाद यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के कारण देरी हो रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने रूस के सैन्य–औद्योगिक परिसर और रक्षा अनुबंधों को पूरा करने की क्षमता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है।ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि शेष दो–400 इकाइयों के आगमन में देरी ने भारतीय वायु सेना के भीतर चिंता बढ़ा दी है, जिसने देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा में इन प्रणालियों के महत्व पर लगातार प्रकाश डाला है। उन्होंने कहा कि देरी को ध्यान में रखते हुए, भारतीय वायुसेना और रक्षा मंत्रालय अपनी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक समाधान तलाश रहे हैं। इसमें अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणालियों की संभावित खरीद शामिल है। उन्होंने कहा कि अभी तीन मौजूदा एस–400 प्रणालियों की तैनाती ने भारत की रक्षात्मक क्षमताओं को बढ़ाया है, जिससे उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में अधिक मजबूत निगरानी है। उन्होंने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ जारी गतिरोध ने एक मजबूत वायु रक्षा नेटवर्क बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया है। एस–400 की देरी एक महत्वपूर्ण चुनौती है क्योंकि भारत का लक्ष्य अपनी प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, उन्नत मिसाइल प्रणालियों और पांचवीं पीढ़ी के विमानों में चीन निवेश करता जा रहा है, ऐसे में भारत के लिए जरूरी है कि वह एस–400 प्रणाली को पूर्ण रूप से तैनात करके रणनीतिक बढ़त बनाए रखे। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि जहां तक रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री की भारत यात्रा की बात है तो यह काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि भारत में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रमुख उपक्रम ने 'पैंट्सिर वायु रक्षा मिसाइल–गन प्रणाली' के वेरिएंट पर सहयोग के लिए रूस के 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि पैंट्सिर वायु रक्षा प्रणाली ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसे अहम सैन्य और औद्योगिक केंद्रों को हवाई खतरों से बचाने व वायु रक्षा इकाइयों को मजबूत बनाने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) के अनुसार, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' के बीच समझौता ज्ञापन पर हाल ही में गोवा में पांचवें आईआरआईजीसी (भारत–रूस अंतर–सरकारी आयोग उपसमूह) के दौरान हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि बीडीएल को 1970 में रक्षा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के लिए निर्देशित मिसाइल प्रणालियों और संबद्ध उपकरणों का निर्माण करना था। बीडीएल का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है। उन्होंने कहा कि बीडीएल ने अपने बयान में कहा है कि भारत डायनेमिक्स लिमिटेड और रूस के 'रोसोबोरोनएक्सपोर्ट' ने पैंट्सिर वेरिएंट पर सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# सिंघम अगेन के आधे बजट में बनी फिल्म अमरन, निकली बॉक्स ऑफिस की असली हीरो, चीते की रफ्तार से कर रही कमाई

सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। दोनों ही फिल्में तगड़ी कमाई कर रही हैं। दोनों ही फिल्में दिवाली वीकेंड पर रिलीज हुई थीं। अजय देवगन की सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से ठीक एक दिन पहले ही साउथ की एक फिल्म रिलीज हुई। फिल्म का नाम अमरन है। 31 अक्टूबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई और तब से लगातार बॉक्स ऑफिस पर बंपर कमाई कर रही है। लोगों को लगा था कि फिल्म का प्रदर्शन इतना दमदार नहीं होगा, लेकिन फिल्म ने दूसरे ही हफ्ते में मुनाफा निकालना शुरू कर दिया है। इस फिल्म को दर्शकों का लगातार प्यार मिल रहा है और यही वजह है कि ये सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 से भी ज्यादा मुनाफा देने वाली फिल्म बनने वाली है।अमरन लगातार बॉक्स ऑफिस पर डंका बजा रही है। लोगों को लगा था कि दूसरे वीकेंड पर इसकी कमाई की रफ्तार धीमे पड़ जाएगी, लेकिन फिल्म ने ताबड़तोड़ कमाई की है। इस फिल्म का बजट सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 दोनों से काफी कम हैं। जहां सिंघम अगेन के बजट की तुलना में इसका बजट आधा है, वहीं भूल भुलैया 3 की तुलना में भी इसका बजट काफी कम है। इस फिल्म ने देखते ही देखते 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। ये अब कमाई के मामले में सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 से ज्यादा पीछे नहीं है।सिंघम अगेन ने बीते 10 दिन में 206.7 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसका बजट 350 करोड़ रुपये हैं। फिल्म शुरुआत में बंपर कमाई कर रही थी, लेकिन अब इसका क्रेज कम हो रहा है और फिल्म की कमाई भी धीमी पड़ गई है। ऐसे में लग रहा कि मेकर्स इस फिल्म से अपनी लागत का पैसा भी नहीं निकाल पाएंगे। वहीं भूल भुलैया 3 की बात करें तो उसका बजट भी 150 करोड़ से अधिक बताया जा रहा है। वहीं फिल्म ने 199.5 करोड़ की कमाई कर ली है। आने वाले वक्त में फिल्म 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी। ये फिल्म तगड़ा मुनाफा कमा रही है और ऐसे में मेकर्स की जेब भरने वाली है।अब आपको साउथ की फिल्म अमरन का हाल बताते हैं। इस फिल्म ने 11 दिन में 152.75 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। फिल्म की कमाई धीमी नहीं पड़ रही है, बल्कि रविवार को इसकी कमाई में काफी उछाल देखने को मिला है, फिल्म ने 16 करोड़ का कारोबार किया है। अमरन के बजट पर नजर डालें तो फिल्म 120 करोड़ रुपये में बनी है। ऐसे में फिल्म अभी से मुनाफा देने लगी है और जिस तरह से कमाई में दूसरे हफ्ते में उछाल देखने को मिला है, उससे जाहिर है कि फिल्म की कमाई और बढ़ेगी। इस फिल्म में साई पल्लवी और शिव कार्तिकेय लीड रोल में हैं।



# फिल्म कंगुवा के योलो–यू ओनली लिव वन्स गाने में दिशा पाटनी का था डीप क्लीवेज एक्सपोजर, सेंसर बोर्ड ने जताई आपत्ति

कंगुवा फिल्म के मेकर्स ने हाल ही में सूर्या और दिशा पाटनी पर फिल्माया गया दूसरा सिंगल योलो– यू ओनली लिव वन्स रिलीज किया है. इस एनर्जेटिक ट्रैक में सूर्या और दिशा एक साथ हैं, जिसे रॉकस्टार डीएसपी के नाम से फेमस देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया है.ट्रैक को सीबीएफसी द्वारा चेक किया गया है, जिसमें दिशा पाटनी का डीप क्लीवेज एक्सपोजर दिखाई दे रहा है. सीबीएफसी ने इस हिस्से को तीन सेकंड के लिए मोडिफाई या हटाने की सलाह दी है, लेकिन आखिरी फैसला प्रोड्यूसर का होगा.कंगुवा फिल्म के दिशा पाटनी के ग्लैमरस गाने में दिखे शानदार लुक ने सेंसरशिप विवाद के बावजूद फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है, जो फिल्म की रिलीज के लिए बेसब्री को और बढ़ा रहा है.फिल्म, जो स्टूडियो ग्रीन और यूवी क्रिएशन्स के बैनर तले बनाई गई है, शानदार विजुअल्स से भरपूर होगी, जिसकी सिनेमैटोग्राफी वेट्री पलानीसामी ने की है और एडिटिंग निषाद यूसुफ ने की है. बॉबी देओल इस फिल्म में विलेन के रूप में नजर आने वाले हैं और फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी.कंगुवा 14 नवम्बर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है. जैसे–जैसे फिल्म की रिलीज का दिन पास आता जा रहा है, इसकी उत्सुकता भी बढ़ती जा रही है, खासकर योलो सॉन्ग के जबरदस्त हिट होने के बाद से.सूर्या और डायरेक्टर शिवा का यह शानदार कोलैबोरेशन एक बार फिर पर्दे पर दिखेगा, और यह फिल्म इस साल की मच अवेटेड ब्लॉकबस्टर बनती नजर आ रही है.कंगुवा की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो चुकी है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के इंडिया में पहले दिन के




18037 से ज्यादा टिकट से बिक चुके हैं. एडवांस बुकिंग से ही अब तक कंगुवा ने 30.7 लाख रुपये से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. अगर ब्लॉक सीट्स की संख्या जोड़ दी जाए तो ये कमाई 83.73 लाख रुपये पहुंच रही है.

# शक्तिमान बन फिर धूम मचाएंगे मुकेश खन्ना, सुपरहीरो ने दिखाई पहली झलक

90 के दशक में धमाका कर शक्तिमान सभी का सुपरहीरो से सुपर टीचर बन गया। बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को मुकेश खन्ना का किरदार इतना पसंद है कि आज भी लोग उनके इस धारावाहिक के बारे में बात करते रहते हैं। टीवी पर 1997 से 2005 तक राज करने वाला ये बेहतरीन शो रविवार के दिन दोपहर के 12 बजे प्रसारती होता था। इसी वजह से इसे दूरदर्शन का सबसे कल्ट शो माना जाता है। अब एक बार फिर शक्तिमान लोगों के बीच चर्चा में आ गया है। इस मशहूर शो के साथ देश के सबसे पसंदीदा सुपरहीरो मुकेश खन्ना वापसी करने के लिए तैयार हैं।मुकेश खन्ना ने अपने सोशल मीडिया पर प्रशंसकों को एक खुशखबरी दी है और अपने आधिकारिक यूट्यूब चौनल भीष्म इंटरनेशनल पर एक टीजर भी शेयर किया है। टीजर के साथ उन्होंने लिखा, उनके लौटने का समय आ गया है। हमारे पहले भारतीय सुपर टीचर– सुपर हीरो का। हां! जैसा कि अंधकार और बुराई आज के बच्चों पर हावी हो रही है... उनके लौटने का समय आ गया है। वह एक संदेश लेकर लौटे हैं। वह एक शिक्षा लेकर लौटे हैं। आज की पीढ़ी के लिए। उनका स्वागत करें। दोनों हाथों से !!!!! अभी देखों टीजर।आयरन मैन, स्पाइडर मैन और बैटमैन जैसे सुपरहीरो के भारत में छाने से पहले एक ऐसे सुपरहीरो का बोलबाला था, जिसे शायद कभी कोई नहीं भूल सकता है और उनका नाम शक्तिमान है। ये हीरो स्क्रीन पर एक बार फिर रोमांचक वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। क्लिप में मुकेश को शक्तिमान के रूप में दिखाया गया है। वह एक स्कूल परिसर में उतरते दिखाई दे रहे हैं जहां वह गाना शुरू करता है, आजादी के दीवानों ने जंग लड़ी फिर जाने दी, अंग अंग कट गए मगर अंच वतन पर न आने दी... वह चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस जैसे नायकों की तस्वीरों को देखते हुए यह गीत गाते हैं। शक्तिमान एक टीवी सीरीज थी जो 1997 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुई थी। मुकेश खन्ना द्वारा अभिनीत इस शो में किटू गिडवानी, वैष्णवी, सुरेंद्र पाल और टॉम ऑल्टर जैसे कलाकार थे। ये 90 के दशक का सबसे पॉपुलर शो रहा और लगभग आठ वर्षों में 450 एपिसोड प्रसारित हुए। शक्तिमान का किरदार एक सुपरह्यूमन है, जिसमें रहस्यमयी और अलौकिक शक्तियां हैं जिसे संतों के एक रहस्यमयी संप्रदाय द्वारा दुनिया में बुराई से लड़ने का काम सौंपा गया है।

# सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर आया सामने




अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मौजूदा वक्त में अपनी आगामी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म में उनके साथ जिमी शेरगिल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अविनाश तिवारी भी इस फिल्म का अहस हिस्सा हैं।अजय देवगन और तब्बू की फिल्म औरों में कहां दम था का निर्देशन कर चुके नीरज पांडे ने सिकंदर का मुकद्दर के निर्देशन की कमान संभाली है।अब सिकंदर का मुकद्दर की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।सिकंदर का मुकद्दर सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को आप 29 नवंबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।इसके साथ सिकंदर का मुकद्दर का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है, जिसमें तमन्ना, जिमी और अविनाश की तिकड़ी कमाल दिखा रही है।नेटफ्लिक्स इंडिया ने पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, तीन अरोपी, लेकिन कौन अप्राधि ा? केस जल्दी ही खुल जाएगा। स्पेशल 26, बेबी और एमएस ध ोनीरू द अनटोल्ड स्टोरी जैसी फिल्में बना चुके नीरज पांडे आखिरी बार अजय देवगन और तब्बू की औरों में कहां दम था में नजर आए थे। इस नई फिल्म की कहानी 60 करोड़ के हीरे की चोरी, उसकी तलाश और एक पुलिस इंस्पेक्टर की जिद के इर्द–गिर्द घूमती है।तमन्ना भाटिया इस साल स्त्री 2 में अपने कैमियो और आइटम डांस नंबर आज की रात से काफी चर्चा में रही हैं। वह तेलुगु फिल्म ओडेला 2 में भी नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसके अलावा वह करण जौहर के बैनर तले बनी डेयरिंग पार्टनर्स में भी नजर आएंगी।

## फिल्म भूल भुलैया 3 ने भारत में पार किया 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा

कार्तिक आर्यन, विद्या बलान और तृप्ति डिमरी जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 का पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन जारी है। हॉरर के साथ कॉमेडी के तड़के से भरपूर इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।अब भूल भुलैया 3 ने भारत में 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।आइए जानते हैं भूल भुलैया 3 ने 11वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, भूल भुलैया 3 ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 5 करोड़ रुपये का कारोबार किया। यह अब तक का सबसे कम कारोबार है। फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 204 करोड़ रुपये हो गया है।माधुरी दीक्षित, राजपाल यादव, अश्विनी कालसेकर और संजय मिश्रा जैसे सितारों ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।अनीस बाज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म का बजट 150 करोड़ रुपये है।भूल भुलैया 3 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया का तीसरा भाग है। इस फिल्म का सीक्वल 2022 में आया था, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुआ।हाल ही में फिल्म के निर्देशन ने बताया था कि इस फ्रेंचाइजी का चौथा भाग भी आएगा। इस फिल्म पर जल्द काम शुरू होगा। फिल्म की कहानी पहले से तैयार है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूल भुलैया 4 में अक्षय कुमार और कियारा आडवाणी की एंट्री हो सकती है।


# बाक्स आफिस पर सिंघम अगेन की दैनिक कमाई में भारी गिरावट, 11वें दिन 5 करोड़ कमाना भी हुआ मुश्किल



अभिनेता अजय देवगन और निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये की कमाई का आंकड़ा पार कर लिया है।इस फिल्म को दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और पहले दिन से ही यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।वीकेंड पर ठीक–ठाक कमाई करने के बाद अब कामकाजी दिन में सिंघम अगेन के कारोबार में भारी गिरावट दर्ज की गई है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सिंघम अगेन ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 4.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 211 करोड़ रुपये हो गया है।सिंघम, सिंघम 2, सिंबा और सूर्यवंशी के बाद सिंघम अगेन रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की पांचवीं किस्त है, वहीं यह फिल्म साल 2011 में आई फिल्म सिंघम की तीसरी कड़ी है। इसका सीक्वल साल 2014 में आया था।रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन का बजट 350 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इस फिल्म में अजय की जोड़ी करीना कपूर के साथ बनी है। रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे सितारों ने भी इस फिल्म में अभिनय किया है। फिल्म के अंत में सलमान खान और अक्षय कुमार का कैमियो भी है।अजय और रोहित इस फिल्म के सह–निर्माता भी हैं।

# लहंगा चोली पहन अवनीत कौर ने कैमरे के सामने दिए किलर पोज, दिलकश अदाओं से लूटी लाइमलाइट

टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी हॉटनेस और स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।23 साल की अवनीत कौर आए दिन फैंस को अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के विजुअल ट्रीट देती रहती हैं। उनकी हॉटनेस देखकर अक्सर फैंस अपने होश खो बैठते हैं।अब हाल ही में अवनीत कौर ने अपनी लेटेस्ट एथनिक वियर में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं।अवनीत कौर ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लू कलर का लहंगा पहना हुआ था, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही थीं। उनका ये कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगा।कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया। इस दौरान उनकी शोख अदाओं ने फैंस के बीच महफिल लूट ली।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर कैमरे के सामने प्यारी सी स्माइल देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। उनके चेहरे पर प्यारी सी मुस्कान उनके इस लुक पर चार चांद लगा रही है। बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। फैंस भी उनकी हर एक फोटोज के पोस्ट होने का इंतजार बेसब्री से करते हैं।



# बिग बास 18 में अदिति मिस्त्री की वाइल्ड कार्ड एंट्री ने सर्दी में बढ़ा दिया तापमान

टीवी रियलिटी शो बिग बॉस 18 में वाइल्ड कार्ड के तौर पर अदिति मिस्त्री की एंट्री हुई है। अदिति के घर में आते ही घर का तापमान बढ़ गया है। अदिति की बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर धमाल मचा रही है। बिग बॉस के घर में भी अदिति का बोल्ड अंदाज ही नजर आ रहा है। इंस्टाग्राम पर अदिति मिस्त्री का अकाउंट वेरीफाइड नहीं है लेकिन उनके फॉलोअर्स की संख्या 2.4 मिलियन है। इसी से उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।सोशल मीडिया पर अदिति मिस्त्री की बेहद बोल्ड तस्वीरें मौजूद हैं। आदिति मिस्ट्री की तस्वीर ऐसी हैं कि उनके फैंस की नजर तस्वीरों पर से हटती ही नहीं। अदिति मिस्त्री इस समय बिग बॉस के घर में घर का तापमान बढ़ा रही हैं। उनकी बोल्ड अदाएं दर्शकों को कितनी पसंद आएगी यह आने वाले वक्त में पता चलेगा। लेकिन फिलहाल बिग बॉस के घर में मेल कंटेस्टेंट पर बिजलियां गिरा रही हैं। उन्हें मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है, सोशल मीडिया पर लोग कह रहे हैं कि अदिति मिस्त्री के आने से शो की अश्लीलता बढ़ जाएगी। वहीं कुछ लोगों का यह कहना भी है कि उनके आने से ग्लैमर का तड़का लगेगा। मतलब रिस्पांस मिला–जुला है।बोल्ड तस्वीरों से आदिति मिस्ट्री के इंस्टाग्राम अकाउंट भरा पड़ा है। हर तस्वीर पर ढेर सारे कमेंट है कुछ कमेंट अच्छे हैं तो कुछ भद्दे भी हैं। अदिति मिस्त्री को फिलहाल लोग बिग बॉस के घर में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर पहचान रहे हैं। लेकिन वह एक बिजनेस वूमेन हैं और इनफ्लुएंसर हैं, जो कई सारे काम करती हैं। अदिति मिस्त्री फाइन आर्ट से जुड़ी हुई है और वह अपने फैंस को भी इसके बारे में बताती रहती हैं, इसी वजह से वह कई लोगों के लिए प्रेरणा भी बनी हुई है। एक्टर साहिल खान को डेट कर रही थी ऐसी खबरें भी सामने आई थी। फिलहाल उनका स्टेटस सिंगल है या फिर वो रिलेशनशिप में है यह क्या पाना अभी मुश्किल है, लेकिन बिग बॉस के घर में कहां कोई बात छिपती है। इस बात का पता चल ही जाएगा। लेकिन बिग बॉस के घर में इस समय तापमान बढ़ा हुआ है यह कहा जा सकता है।



# बी. एच. एन. डी. दिवस पर आंगनबाड़ी केंद्र महदेवा का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– बी. एच. एन. डी. दिवस के दिन जिलाधिकारी द्वारा आंगबाड़ी केन्द्र महदेवा का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान ए.एन.एम. व आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित थे ए.एन.एम. द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती है जिसमें एच.बी. सुगर, बी.पी., पेट की जांच, यूरिन, वजन किया जाता है जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर 07 प्रकार की जांच किट के बारे में ए.एन.एम. को कोई जानकारी नही थी किसी भी प्रकार की जांच किट उपलब्धा नही था जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया एएनएम द्वारा ड्यू लिस्ट अपडेट नही था जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को



अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया आशा द्वारा ड्यू लिस्ट अपडेट नही किया गया था जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।

# राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर विभागों के साथ कि गई समीक्षा बैठक

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर की उपस्थिति में राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्विवाद वरासत की समीक्षा की गयी जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारीध् तहसीलदार को निर्देश दिया कि निर्विवाद वरासत की कोई शिकायत नही आनी चाहिए यदि किसी तहसील की शिकायत प्राप्त होगी तो संबधित तहसीलदार के विरूद्ध कठोर कार्यवाई सुनिश्चित की जायेगी समस्त उपजिलाधिकारीध् उपजिलाधिकारी न्यायिक, तहसीलदारध् तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार प्रत्येक माह में 15–18 दिन कोर्ट में बैठकर सभी वादो का निस्तारण करे आरसीएमएस पोर्टल पर सभी वादों को फीड कराये तथा प्रतिदिन पोर्टल को चेक करे।



05 वर्ष से ऊपर के वादो का शत्–प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही की जाये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र आय प्रमाण–पत्र, हैसियत प्रमाण–पत्र की समीक्षा की गयी सभी प्राकर के प्रमाण–पत्रों को जारी करने के लिए अनावश्यक रूप से लेखपाल लम्बित न रखे इसकी समीक्षा तहसीलदार अपने स्तर से करे समस्त उपजिलाधिकारीध् तहसीलदार प्रतिदिन जनसुनवाई करे जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलों के राजस्व कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश देते हुए कहा कि सीमा स्तम्भ लोक निर्माण विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा लोक निर्माण विभाग के सम्बन्धित अधिकारी को माह दिसम्बर 2024 तक सभी उपजिलाधिकारी को सीमा स्तम्भ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतो का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागो की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागो की वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया आबकारी विभागा को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया इसके अलावा स्टाम्प कर, भू–राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण

पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत्–प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी न्यायिक, समस्त तहसीलदार, समस्त तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार, आर0ए0, सी.आर.ए., एलआरसी, जे.ए., जी.सी. लिपिक व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# खंड विकास अधिकारी के आदेश का पालन नही करते सहायक विकास अधिकारी पंचायत और सचिव

## जन सूचना को खेल समझकर, आवेदकों को करते है गुमराह।
## विकास खंड बर्डपुर के कुछ सचिव नही मानते सरकारी नियम,कानून।

सिद्धार्थनगर– शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं ग्रामीणों तक पहुँचाने और ग्राम सभा मे योजना के अंतर्गत विकास के कार्यो को करवाने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान और सचिव की होती है ग्राम सभा मे योजना का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण करवाये जाने को लेकर शासन द्वारा नियम बनाये गए है लेकिन सरकार के नियमो को ताक पर रखकर ग्राम सभा के सचिव अपनी मनमानी करते हुए कार्य को कर रहे है सचिवों द्वारा गलत तरीके से वित्तीय अनियमितता को दरकिनार कर भुगतान भी कर रहे है विकास कार्यो में पारदर्शिता लाने के लिए जन सूचना का अधिकार नियम बनाया गया जिसमें कोई भी विकास के कार्यो की जानकारी लेकर भर्षटाचार पर अंकुश लगा सकता है लेकिन जन सूचना के अधिकार को ग्राम सभा के जिम्मेदारों के साथ साथ विकास खंडों के जिम्मेदारों ने भी इसका मजाक बना दिया है।ऐसा ही एक



मामला विकास खंड बर्डपुर के ग्राम सभा भरवलिया,भगवानपुर,और दूल्हा खुर्द के ग्राम सचिवों का है इन ग्राम पंचायतों के सचिवों के पास मौजूद क्लस्टर के ग्राम सभाओं में वित्तीय अनियमितता करते हुए व्यक्तिगत भुगतान किया गया जिसमें जन सूचना अधिकारी के तहत सूचना की मांग की गई लेकिन ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा आवेदक को सूचना न देकर गुमराह करने का प्रयास किया गया आवेदक द्वारा सहायक विकास अधिकारी पंचायत से सूचना दिलवाने के लिए कहा लेकिन सहायक विकास अधिकारी द्वारा भी संज्ञान नही लिया गया आवेदक ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की जिस पर खंड विकास अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर सूचना देने का आदेश दिया गया लेकिन सचिवों द्वारा खंड विकास अधिकारी के आदेश को दरकिनार कर दिया गया इससे ये बात साफ हो जाती है कि सचिवों द्वारा गलत तरीके से नियम विरुद्ध कार्य किया गया है इसीलिए आवेदक को सूचना न देकर गुमराह किया जा रहा है और खंड विकास अधिकारी के आदेश को नही माना जा रहा है जिले के विकास खंडों में ऐसे कई मामले है जो शासन के आदेश के बाद भी उसका पालन नही किया जा रहा लेकिन जिले के उच्च अधिकारी भी सरकार द्वारा जारी शासनादेश को दरकिनार कर कार्य कर रहे है जिससे इन कर्मचारीयो को सह मिल रही है विकास खंड बर्डपुर में वित्तीय अनियमितता कर काम करने वाले इन सचिवों पर प्रशासन क्या कार्यवाही करेगा ये तो समय ही तय करेगा लेकिन आवेदक ने इसकी शिकायत मंडलायुक्त से करने की बात कही।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मरम्मत का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेन्द्र कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तिलौली, वि0ख0–मिठवल में भवन के मरम्मत एवं टाइलीकरण आदि का कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय सौरभ कुमार, खण्ड विकास अधिकारी, मिठवल व अवर अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्ध्यण विभाग, वि0ख0–मिठवल उपस्थित रहे पर्ची काउन्टर, ओ0पी0डी0 कक्ष, एक्स–रे कक्ष सहित भवन में आवश्कतानुसार प्लास्टर मरम्मत एवं टाइलीकरण कार्य कराया गया है टाईल्स की गुणवत्ता प्रथम दृष्टया सन्तोषजनक नही पाये जाने पर टाइल्स चेन्ज करके किसी अन्य कम्पनी का टाइल्स प्रयोग करने के निर्देश दिये गये भवन पर प्लास्टर मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य कराया जा रहा है पेन्टिंग में ऐशियन पेन्ट का प्रयोग किया जा रहा है, परन्तु भवन में सीलिंग होने तथा प्लास्टर पर गन्दगी होने के कारण पेन्ट में साइनिंग नही प्रर्देशित हो रही है खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दिवाल की सफाई कराते हुए पुराना पेन्ट एवं खराब प्लास्टर निकालकर पुट्टी का प्रयोग करते हुए पेन्टिंग कार्य कराने के निर्देश दिये गये भवन के छत पर सीलन एवं अत्याधिक गन्दगी पायी गयी जिसकी सफाई करते हुए वर्षा का पानी के



लिए निकासी पाइप लगाने के निर्देश दिये गये जिससे भवन में सीलन न हो सके सभी शौचालय में टोटी, पाईप सहित आवश्यक मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है जिसे गुणवत्तापूर्ण ढ़ग से करने के निर्देश दिये गये।स्वास्थ्य केन्द्र पर लेबर रूम, ए0एन0सी0 वार्ड एवं पी0आई0सी0यू0 तथा मेडीसीन स्टोररूम आदि का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी, मिठवल को आवश्यक निर्देश दिया गया।

# प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा बहू–उद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि0, ग्राम–कबरा, विकास खंड मिठवल का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय मनोज शुक्ला, सचिव उपस्थित पाये गये निरीक्षण के समय ग्राम की समिति के गोदाम में यूरिया एवं डी0ए0पी0 उपलब्ध नहीं था, समिति पर खाद न होने के सम्बन्ध में सचिव द्वारा कोई सन्तोषजनक उत्तर नही दिया जा सका वजन मशीन खराब पाया गया समिति पर राजकीय धान क्रय केन्द्र



बी0–पैक्स, कबरा बना पाया गया, परन्तु अभी तक धान क्रय नही किया गया है नमी मापन यन्त्र खराब पाया गया। सचिव द्वारा बताया गया कि यंत्र के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है सचिव द्वारा धान क्रय के सम्बन्ध में प्रयास नही किया जा रहा है किसानों से सम्पर्क करते हुए धान क्रय किये जाने के निर्देश दिये गये। समिति पर गोदाम एवं सचिव के कार्यालय में टाइलीकरण एवं प्लास्टर आदि का मरम्मत कार्य क्षेत्र पंचायत द्वारा कराया गया है।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

## –सड़क हादसों से बचने का एकमात्र उपाय यातायात नियमों का पालन

चित्रकूट(आरएनएस)। यातायात माह नवंबर के तहत यातायात निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं विकास पथ सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह गांधी के संयुक्त संयोजकत्व में कंपोजिट विद्यालय कछारपुरवा में यातायात पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र, शिक्षक, अभिभावक मौजूद रहे।विकास पथ सेवा संस्थान के निदेशक डॉ प्रभाकर सिंह गांधी ने कहा कि सभी लोगों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इससे दुर्घटनाएं नहीं होगी और सुरक्षित रहा जा सकता है। मौजूदा दौर में हादसे बहुत ज्यादा हो रहे है। जिसका बचाव यातायात के सही नियमों के पालन से ही किया जा सकता है। सरकार भी यही प्रयास कर रही है। यातायात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें। दाएं बाएं देखकर जेबरा क्रॉसिंग से रोड क्रॉस करना चाहिए। साथ ही सभी को सड़क पर बायें चलें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाकर सुरक्षित यात्रा करें। इस मौके पर संस्थान की तरफ से सभी बच्चों को जूस एवं शैंपू वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यासागर सिंह ने किया। इस दौरान लवकुश सिंह, डॉ विकास सिंह, रचना यादव, सुशील पांडेय, सरला देवी, सोनू गौतम, दीपा देवी, ममता देवी, रंजना चंदेल, गरिमा सिंह, गीतांजलि देवी, सियाराम सिंह, प्रियंका द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 14.350 किग्राम गांजा बरामद

चित्रकूट(आरएनएस)। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तश्करी एवं बिक्री की रोकथाम को चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर जय करन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना रैपुरा व एसओजी की संयुक्त टीम ने चार अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को 14.350 किग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।बताया गया कि बुधवार को थाना रैपुरा व एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नयाचन्द्रा मोड़ सरैया रोड़ के पास से नरसिंह खिल्लों पुत्र सदन खिल्लो निवासी ग्राम मंत्रीयाम बोईपरिगुणा जनपद कोरापुट उड़ीसा, अत्रु हन्तल पुत्र बुदू हन्तल निवासी नुवागुड़ा थाना मतिलि जनपद मालकानगिरी उड़ीसा, शंकर पुत्र राजकुमार निवासी कुमली थाना रायघर जनपद नबरंगपुर उड़ीसा, दशरथ चिनम पुत्र साधु चिनम निवासी डब्बा जोड़ी मतिली जनपद मालकानगिरी उड़ीसा को गिरफ्तार किया है। जामातलाशी से 14.350 किग्रा सूखा गांजा बरामद हुआ। पूछताछ की गयी तो बताया कि उडीसा के रहने वाले है।

# एक दिन में ही बंट गई चार सौ बोरी डीएपी

## –कई किसान को नहीं मिली खाद

चित्रकूट(आरएनएस)। डीएपी की खाद समितियों में पहुंचते ही कई समितियों में एक दिन में खाद खत्म हो गई। जबकि जहां खाद का वितरण किया गया वहां पर लंबी लाइने लगी रही। जिससे समस्या का सामना किसानों को करना पड़ा। किसानों को टोकन के माध्यम से खाद का वितरण कराया गया। कई स्थानों पर सुबह से लाइन में खड़े किसानों को शाम तक खाद नहीं मिली तो आक्रोश जाहिर किया।

बीते एक सप्ताह बाद खाद समितियों आने के बाद किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देर शाम तक चले खाद वितरण में किसी के चेहरे में रौनक तो किसी के चेहरे में निराशा नजर आयी। कई समितियों में तो खाद एक ही दिन मे खत्म हो गई।इससे किसान निराश होकर लौट गए। राजापुर कस्बा सहित मानिकपुर, शिवरामुपर आदि समतियों में किसानों की भारी भीड़ रही।राजापुर क्षेत्र के ग्रामीण शहरी समिति 400 बोरी खाद पहुंची। खाद लेने के लिए मारा मची मच गई। एसडीएम प्रमोद झा, न्यायिक उप जिला अधिकारी फूलचंद्र यादव मौके पर पहुंचकर किसानो को टोकन दिलाकर खाद का वितरण कराया। मानिकपुर कस्बा में साधन सहकारी समिति में खाद का वितरण किया गया। एसडीएम पंकज वर्मा ने साधन सहकारी समिति के स्टॉक में उपलब्ध 300 बोरी डीएपी को 182 किसानों को टोकन के माध्यम से उपलब्ध कराया। कर्वी स्थित गल्लामंडी के सहकारी समिति के सचिव बाबूलाल ने बताया कि उसके समिति में 400 बोरी डीएपी खाद आयी थी। एक दिन में ही सभी बोरी किसानों को वितरण कर दिया। किसान यूरिया खाद व नैनो खाद ले जा रहा है।

# अधिकारी क्षेत्र के सतत विकास को कटिबद्व होकर करें कार्य सांसद

चित्रकूट(आरएनएस)। सपा सांसद कृष्णा देवी पटेल की अध्यक्षता एवं सपा के सदर विधायक अनिल प्रधान, विधायक मऊ मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगर पालिका परिषद कर्वी अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

सांसद ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल्य योजना, कौशल विकास योजना, ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना ग्रामीण, स्वरोजगार प्रशिक्षण, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, कृत्रिम गर्भाधान, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, डेरी विकास, एकीकृत बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, ई–श्रम पोर्टल, आदर्श ग्राम योजना आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह उनकी पहली बैठक है। सभी अधिकारी क्षेत्र के सतत विकास के लिए कटिबद्ध होकर कार्य करें। जिन बिंदुओं पर समीक्षा की गई है और उसमें जो कार्य कराए जाने हैं उसकी अगली बैठक के पहले प्रत्येक दशा में सभी संबंधित अधिकारी कार्य को पूरा कर अगली बैठक में कार्यवाही प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह को निर्देश दिए की मनरेगा योजना के कार्यों में प्रगति कराई जाए। डीसी एनआरएलएम से कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जो स्वयं सहायता समूह के गठन करने का लक्ष्य दिया गया है उसमें प्रगति कम है। इसमें प्रगति कराई जाए। अधिशासी अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से कहा कि जिन सड़कों के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उसकी सूची सभी सदस्य एवं जनप्रतिनिधियों को दें। अरछा बरेठी व बूढ़ा सेमरवार की जो सड़क खराब हो गई है उसकी कमेटी बनाकर मुख्य विकास अधिकारी जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। परियोजना निदेशक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अंतर्गत जो पात्र व्यक्ति छूटे हैं उनको लाभ दिलाएं। अपात्रों की भी जांच कराई जाए। आवास अभी तक अपूर्ण है उन्हें पूर्ण कराएं। लाभार्थी नहीं बना रहे हैं तो उनसे वसूली भी कराई जाए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से कहा कि सांसद आदर्श ग्राम योजना कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्ताव बनाया जाए। उप निदेशक कृषि से कहा कि परंपरागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत जिन किसानों का चयन किया गया है उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराए।

विधायक अनिल प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी पर कहां की पात्र लोगों की सूची हटाकर अपात्रों को दिया जा रहा है। इसकी जांच कराकर पात्रों को लाभ दिलाया जाए। सूची लंबित है उसका सर्वे हो। वर्ष 2021–22 वर्ष 22–23 में क्या–क्या डूडा विभाग के द्वारा कार्य कराए गए हैं उसकी भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। सांसद ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि ग्राम प्रधानों द्वारा जो शासकीय गौशाला संचालित की जा रही है तो गोवंशों के भरण पोषण का भुगतान अभी तक माह जुलाई से लंबित है उनका भुगतान किया जाए। भुगतान न होने के कारण ग्राम प्रधानों को गोवंशों के भरण पोषण में समस्या आ रही है। गोवंश रखने को काऊशेड दिए गए हैं उसकी भी जांच कराई जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं उसकी सूची जनप्रतिनिधियों को दें। जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा से कहा कि मार्च 2020 के बाद जिन परिवारों में माता–पिता की मृत्यु हुई है और उनके बच्चे अनाथ है उन बच्चों को चिन्हित करके लाभ दिलाया जाए। विधायक ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि खोह अस्पताल का संचालन सही तरीके से कराया जाए तथा जिला अस्पताल में जो ब्लड बैंक की मशीन खराब है उसको तत्काल ठीक कराया जाए। सांसद ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी से कहा कि शासकीय अस्पतालों की स्थिति अत्यंत खराब है। विशेष साफ सफाई कराई जाए। समय से चिकित्सक बैठकर मरीजों का इलाज करें। कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर की दवाई न लिखें। अगर शिकायत मिली तो संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही कराई जाएगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में जो प्रसव कराये जाने की समस्या है उसका निस्तारण कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों की जो सूची जनप्रतिनिधियों द्वारा मांगी गई है उसको तत्काल उपलब्ध कराया जाए तथा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह को निर्देश दिए की स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत फेज वन फेज टू में जो धनराशि विभिन्न निर्माण कार्य के लिए भारत सरकार से दी गई है उन विकास कार्यों को तेजी से कराया जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि नगर पालिका द्वारा जो बस स्टॉप तथा अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया गया है उनका आवंटन सही तरह से कराया जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिलौटा पाइप पेयजल योजना में जिन गांव में पानी दिया जा रहा है उनकी सूची दी जाए एवं गांव की जो सड़के गलियां पाइप लाइन डालने के दौरान खराब हुई है उनकी मरम्मत कराई जाए। इस पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जल जीवन मिशन के द्वारा जो गलियां गांव में बनाई जा रही है उसमें जो कमियां हैं उनकी जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा कोई भी ग्राम प्रधान जल जीवन मिशन के जो कार्य कराए गए हैं उनको हैंडओवर कतई न करें।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।